इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 326 | राजनांदगांव, गुरूवार 16 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8+4=12 | मूल्य - 4.00 रुपए







## धान खरीदी की नीति घोषित: 3100 प्रति क्विंटल की दर से 15 नवंबर से 31 जनवरी तक प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल की होगी खरीदी

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की विस्तृत नीति घोषित कर दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों के हितों और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

खाद्य विभाग की सचिव रीना कंगाले ने बताया कि, धान की खरीदी 3100 प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी। धान उपार्जन का कार्य 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस वर्ष भी प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। धान खरीदी का सम्पूर्ण कार्य छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के माध्यम से किया जाएगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु चावल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड होगी। धान खरीदी केवल उन्हीं प्राथमिक कृषि साख समितियों और लेम्पस के माध्यम से होगी जो मार्कफेड के कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम से जुड़ी होंगी।

### 2739 केन्द्रों के माध्यम से खरीदी

प्रदेश के सभी जिलों में विगत वर्ष संचालित 2739



खरीदी केन्द्रों और नए स्वीकृत केन्द्रों के माध्यम से खरीदी होगी। इसके साथ ही 55 मंडियों और 78 उपमंडियों का उपयोग धान उपार्जन केन्द्र के रूप में किया जाएगा। धान खरीदी के लिए आवश्यक साख-सीमा की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार की जाएगी, ताकि किसानों को समय पर भुगतान में कोई विलंब न हो। प्रदेश में धान उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत एवं पारदर्शी होगी। किसान अपने निकटस्थ समितियों में पंजीकरण कर एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से धान विक्रय कर सकेंगे। पोर्टल पर ऋण पुस्तिका आधारित फार्म आईडी से खरीदी की अनुमति दी जाएगी।

### छोटे किसानों को दो और बड़े किसानों को तीन टोकन मिलेंगे

धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी कर नियंत्रित और व्यवस्थित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। सीमांत व लघु किसानों को दो टोकन और दीर्घ किसानों को तीन टोकन दिए जाएंगे। अंतिम दिन नई पर्ची जारी नहीं होगी और शाम 5 बजे तक पहुँचे धान की खरीदी उसी दिन की जाएगी। धान की खरीदी 50-50 अनुपात में नये और पुराने जूट बोरे में की जाएगी। नये जूट बोरे मार्कफेड द्वारा जूट कमिश्नर, कोलकाता से क्रय किए जाएंगे। पुराने बारदानों को उपयोग योग्य बनाकर नीले रंग में Used Bag allowed for KMS 2025-26 का स्टेंसिल लगाया जाएगा।

### धान की नमी 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए

सभी उपार्जन केन्द्रों में कांटे-बांट का विधिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। किसानों को पारदर्शी प्रक्रिया का भरोसा दिलाने के लिए सत्यापन प्रमाणपत्र खरीदी केन्द्रों पर प्रदर्शित किए जाएंगे। धान की नमी 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। हर केन्द्र पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाक और अफगानिस्तान के बीच अब 48 घंटे का सीजफायर, कंधार एयरस्ट्राइक में अब तक 15 की मौत, 100 जख्मी

नई दिल्ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा घोषित इस युद्धविराम का उद्देश्य बॉर्डर पर भड़की लड़ाई के बाद शत्रुता को कम करना और बातचीत का रास्ता खोलना है.



समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष यानी पाकिस्तान और अफगानिस्तान इस जटिल लेकिन हल करने योग्य मुद्दे का समाधान निकालने के लिए ईमानदारी से प्रयास करेंगे. मंत्रालय ने बताया कि शत्रुता में विराम का मकसद राजनयिक बातचीत को बढ़ावा देना और भविष्य में जान-माल के नुकसान को रोकना है.

### आम लोगों को पाकिस्तान ने बनाया निशाना

ये युद्धविराम अफगानिस्तान के दक्षिणी कंधार प्रांत में भीषण लड़ाई के बाद लागू हुआ है. बुधवार तड़के पाकिस्तानी सेना ने हवाई हमले किए. अफगान अधिकारियों के अनुसार स्पिन बोल्डक ज़िले के रिहायशी इलाकों में हमलों में कम से कम 15 नागरिक मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे. तालिबान प्रवक्ता जुबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी. उन्होंने बताया कि कई घर भी तबाह हो गए. स्थानीय अस्पताल में 80 से ज्यादा महिलाओं और बच्चों के इलाज की पुष्टि की है, जबकि कई घर मलबे में तब्दील हो गए. पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी सेना दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में अपनी सीमा चौकियों पर तालिबान के हमलों का जवाब दे रही थी. इसमें 6 अर्धसैनिक बल के जवान मारे गए.

### रातभर हुई झड़प में 30 लोग मारे गए: पाकिस्तानी सेना

रिपोर्ट में सेना के एक बयान के हवाले से कहा गया, दुर्भाग्य से यह हमला इलाके में बंटे हुए गावों पर किया गया, जहां नागरिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जेल में ही मनेगी चैतन्य बघेल की दिवाली; कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ऐसे में साफ है कि इस बार चैतन्य बघेल की दिवाली जेल में ही मनेगी।



उनकी रिमांड अवधि खत्म होने के बाद आज बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्हें रायपुर में एसीबी-ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने चैतन्य बघेल को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया है। अब वो 14 दिन यानि 29 अक्टूबर तक जेल में ही रहेंगे। चैतन्य बघेल के बर्थडे पर 18 जुलाई को ईडी ने भिलाई स्थित उनके निवास पर छापा मारकर गिरफ्तार किया था। उन पर दो हजार करोड़ के शराब घोटाले में जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। चैतन्य बघेल को धन शोधन रोधी अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, नए सबूत मिलने के बाद की गई छापेमारी के दौरान चैतन्य कथिततौर पर सहयोग नहीं कर रहे थे। चैतन्य बघेल से कथित रूप से जुड़ी कंपनियों को कथित शराब घोटाले से अर्जित लगभग 17 करोड़ रुपये की अपराध आय प्राप्त हुई है। करीब 1,070 करोड़ रुपये की धनराशि के साथ ही उनकी भूमिका एजेंसी की जांच के दायरे में है। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि चैतन्य बघेल को इस शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रुपये (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मैथिली ठाकुर और आनंद मिश्रा को मिल गई टिकट; भाजपा की दूसरी सूची में 12 नाम

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशियों की सूची आने का सिलसिला जारी है। सबसे पहले, पहली सूची भारतीय जनता पार्टी ने जारी की थी।



अब जदयू की सूची दोपहर में आने के बाद शाम होते-होते भाजपा ने 12 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इसमें लोक गायिका मैथिली ठाकुर के अलावा चर्चित आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा का भी नाम है। मैथिली ठाकुर पिछले कई दिनों से भाजपा के संपर्क में थीं। उन्हें 14 अक्तूबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पार्टी सदस्यता दिलाई थी। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में बक्सर से भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर पूर्व आईपीए अधिकारी आनंद मिश्रा भी कुछ महीने पहले ही जनसुराज को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। अब भाजपा ने उन्हें टिकट दे दिया है। आइए जानते हैं इनदोनों के अलावा और किस नेता को कहां से भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है...(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ADGP की पत्नी अमनीत पर एफआईआर एएसआई संदीप आत्महत्या मामले में केस दर्ज, एफआईआर में विधायक का नाम भी

रोहतक। हरियाणा पुलिस के एएसआई संदीप लाठर (42) को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप में दिवंगत आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आईएएस पत्नी अमनीत कुमार, उनके विधायक साले अमित रतन, जेल में बंद गनमैन सुशील कुमार समेत चार पर एफआईआर दर्ज की गई है। यह रिपोर्ट संदीप की पत्नी संतोष ने लिखाई है।



इसके पहले परिजनों ने बुधवार सुबह सांत्वना देने आए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कार्रवाई की मांग की थी। शाम करीब चार बजे सीएम के ओएसडी एफआईआर की कॉपी लेकर परिजनों के पास पहुंचे। हालांकि, परिजन अभी संदीप को शहीद का दर्जा, पत्नी को नौकरी और आर्थिक मदद का लिखित आश्वासन चाहते हैं। अभी शव का पोस्टमार्टम कराने की भी परिजनों ने सहमति नहीं दी है। उल्लेखनीय है कि एडीजीपी वाई पूरण कुमार का चंडीगढ़ में आठ दिन बाद बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। वाई पूरण कुमार ने 7 अक्तूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपने घर पर खुद को गोली मारी थी। उनकी आत्महत्या के ठीक आठवें दिन बीते रोज मंगलवार को रोहतक के साइबर सैल के एएसआई संदीप लाठर ने भी आत्महत्या की थी। बता दें कि संदीप कुमार मूल रूप से जींद के जुलाना गांव के निवासी थे। उन्होंने सुसाइड करने से पहले चार पेज का सुसाइड नोट और छह मिनट 28 सेकंड का वीडियो छोड़ा था। सुसाइड नोट में उन्होंने एडीजीपी (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## बिहार जाएंगे सीएम साय: प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की नामांकन रैली में होंगे शामिल

रायपुर(दावा)। बिहार में विधानसभा 2025 का चुनावी बिगुल चूका है। ऐसे में बीजेपी ने अब तक प्रत्याशियों की दो सूचियां घोषित कर दी है। छत्तीसगढ़ के प्रभारी नितिन नबीन बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना पर्चा भरेंगे। कल सीएम विष्णुदेव साय उनकी नामांकन रैली में शामिल होंगे। बीजेपी के कई दिगज्ज नेता चुनाव प्रचार के लिए बिहार रवाना हो चुके हैं। पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सीएम श्री साय गुरुवार की सुबह 8 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे और 9.40 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से बंगला नंबर 3 टेलर रोड पहुंचने के बाद वे मंदिरों में दर्शन करेंगे। इसके बाद वे स्काउट एंड गाइड ग्राउंड में आमसभा में भाग लेंगे, जहां वे उनकी नामांकन रैली को संबोधित करेंगे। नितिन नबीन की नामांकन रैली में शामिल होने के बाद दोपहर 1.10 बजे हेलीकॉप्टर से तारापुर पहुंचेंगे। जहां वे 1.15 से 2.00 बजे तक आमसभा को संबोधित करेंगे। सभा के बाद वे 2.05 बजे तारापुर से हेलीकॉप्टर द्वारा पटना लौटेंगे।






## डॉ. रमन का जन्मदिवस: समर्थकों की उमड़ी भीड़ देख हुए भावुक, श्री सिंह बोले - नांदगांव ने मुझे बनाया, जो भी हूं- यहीं की देन







राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन आज किसी पर्व की तरह नजर आया। शहर में जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाये कर उन्हें बधाई देने वालों की होड़ लगी रही। वहीं विधानसभा निवास कार्यालय में आम जनों से मुलाकात और शिवनाथ वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन किया, तो वहीं स्टेट स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री की मौजूदगी और मंत्रिमंडल की उपस्थिति में ऐतिहासिक आयोजन किया गया।

डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस को उत्साह से मनाने के लिए स्थानीय विधानसभा निवास कार्यालय में आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के पहुंचते ही उनका उपस्थित जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में आम जनता के अलावा अधिवक्ता संघ, समाज सेवी, व्यापारी, महिला संगठन, चिकित्सक सहित विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन के लोगों ने पहुंचकर डॉ. रमन सिंह को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

### विभिन्न संगठनों ने दी बधाई

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को स्थानीय लोगों के द्वारा साफा पहनकर उनके 73वें जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान उनका फूल मालाओं और पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। डॉ. रमन सिंह को बधाई देने के लिए लोगों में काफी उत्साह नजर आया। इस अवसर पर प्रदेश के कई भाजपा नेता सहित स्थानीय कार्यकर्ता शामिल हुए।

### राजनांदगांव की जनता ने दिया गौरवशाली स्थान

अपने जन्मदिवस के अवसर पर जनता द्वारा बधाई शुभकामनाएं देने लगी होड़ से अभिभूत होते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, आज मैं जो कुछ भी हूं, जैसा भी हूं, जहां भी हूं राजनांदगांव ने ही मुझे बनाया है। उन्होंने कहा कि, यह गौरवशाली स्थान राजनांदगांव की जनता ने उन्हें दिया है। उन्होंने आगे कहा कि, मुझे यहां की जनता ने सांसद और विधायक बनाया तब मैं यहां तक पहुंचा हूं। इसके लिए यहां के नागरिकों और मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### खास है 2025 का वर्ष

डॉ. रमन सिंह ने अपने जन्मदिन दिवस के अवसर पर कहा कि राजनीति के जिस क्षेत्र में वह काम कर रहे हैं, यह राजनांदगांव संस्कारधानी का चमत्कार है। वर्ष 2025 कई मायनो में काफी खास है, यह छत्तीसगढ़ के लिए खास अवसर है कि विधानसभा के 25 साल की यात्रा पूरी हो रही है। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यकाल के 25 वर्ष भी इस साल पूरे हो रहे हैं। इसके साथ ही संघ के 100 साल पूरे होने का अद्भुत संयोग लाता है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में दिखा उत्साह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर शहर के शिवनाथ वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भी शामिल होते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ताओं ने शामिल होते हुए डॉ. रमन सिंह को उनके जन्म दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
Department of Social Justice & Empowerment
Ministry of Social Justice & Empowerment
Government of India

**लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठा 2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 में अनुसूचित जाति (SC) छात्रों के लिए कक्षा 9 और 11 में प्रवेश हेतु सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से SHRESHTA (NETS)-2026 परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। श्रेष्ठा (SHRESHTA) एक योजना है, जो केवल अनुसूचित जाति (एससी) के मेधावी छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि | 10.10.2025 to 30.10.2025 |
| परीक्षा की तिथि | माह दिसंबर 2025 में |
| परीक्षा की पद्धति | पेन और पेपर के माध्यम से (OMR) |
| प्रश्नो के प्रकार | वस्तुनिष्ठ प्रकार (MCQs) |

परीक्षा के लिए पंजीकरण के संबंध में अन्य सभी आवश्यक विवरणों के साथ सूचना विज्ञप्ति राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट www.nta.ac.in & https://exams.nta.nic.in/shreshta/ पर उपलब्ध है।

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि या इससे पहले आवेदन कर सकते हैं और नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइटों पर जाए।

यदि किसी उम्मीदवार को SHRESHTA 2026 के लिए आवेदन करने में कठिनाई होती है, तो वह 011-40759000 / 011-69227700 पर संपर्क कर सकता है या shreshta@nta.ac.in पर ई-मेल कर सकता है।

cbc21354/12/0003/2526

हस्ताक्षर/-
(निदेशक)

## पहला कॉलम...

### श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना, जिले के वरिष्ठजनों को करायी जाएगी यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के 91 वरिष्ठजनों को 19 से 22 नवंबर तक अयोध्या धाम की यात्रा करायी जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समाज कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

### युगांतर पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित अंतर शालेय चित्रकला प्रतियोगिता



राजनांदगांव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा आयोजित अंतर शालेय चित्रकला प्रतियोगिता में यामिनी क्रीडा एवं कला केन्द्र के अध्यक्ष रीतेश देवांगन और हायर सेकेंडरी स्कूल जंगलपुर के प्राचार्य पूनाराम यादव निर्णयक के रूप में शामिल हुए तथा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य मधुसूदन नायर एवं प्रतिभागी शालाओं के चित्रकला प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## वेटलिफ्टिंग : राजनांदगांव की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन, रितेश यादव ने जीता जूनियर बेस्ट लिफ्टर का खिताब



राजनांदगांव के महिला वेट लिप्टर टीप ने 12 वी. ओवर ऑल चयपियन शीप जीते

राजनांदगांव(दावा)। 10,11व 12 अक्टूबर 3 दिवसी 23वी राज्य स्तरीय जूनियर महिला पुरुष भारोत्तोलन (वेट लिफिटंग) प्रतियोति बलोदा बाजार अम्बेडकर भवन में समपन्न हुई। इस स्पर्धा के संबंध में जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी न बताया कि 23वीं राज्य स्तरीय जूनियर वेट लिफिटंग प्रतियोगिता में राजनांदगांव जय भवानी व्यायाम शाला स्टेडियम समिति की महिला वेट लिप्टर टीम 2 स्वर्ण समेत 6 पदक जीत कर 12वी बार ओवर ऑल चैम्पियन शीप की ट्राफी अपने नाम कर लिए इसमें 3 रजत और 3 कास्य पदक शामिल है। इसके अलावा राजनांदगांव के पुरूष वेट लिप्टर रितेश यादव बेस्ट लिप्टर ऑफ छग की ट्राफी जीतने मे सफल रहा। बलौदाबाजार मे अयोजित की गई राज्य स्तरीय वेट लिफिटंग स्पर्धा को नये वजन वर्ग के निम्नानुसार आयोजित किया गया। इसमें राजनांदगांव समेत कई जिलों की 120 महिला पुरूष खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजनादंगावं के महिला टिम ने सार्वाधिक 192 अंक प्राप्त कर चैम्पियन शीप की ट्राफी जीती। एकल पुरूष वर्ग समुह में राजनांदगांव के वेट लिप्टर रितेश यादव ने 88 किलो ग्राम वेट केटेगिरी में 391.43 अंक प्राप्त कर बेस्ट लिप्टर ऑफ जुनियर छग का खिताब जीता और अपने नाम किया।

अध्यक्ष आजमानी ने बताया कि इस 3 दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता अम्बेटकर भवन (सिवील लाईन) बलोदाबाजार में आयोजित किया गया। जो सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था। जो प्रथम बार जिले में भव्य तरीके से आयोजित किया गया। इसमें मुख्य रूप से राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, बलोदाबाजार, बालोद, बस्तर, दुर्ग के अलावा 3 यूनिट सहित लगभग 120 खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर ने हिस्सा लिया। इस स्पर्धा में महिला वर्ग में भूमिसिंग रूशना फरहींन-स्वर्ण, खुशी रंगारी, मानसी यादव, अंशुल सोनवानी- रजत पदक, जानवी साहू, मुस्कान यादव, साक्षी राजपूत कास्य पदक वही पुरूष वर्ग में रितेश यादव, रेहान खान, चन्द्रेश साहू- रजत पदक, ऋषि देवगंन, आर्दश जैम्स, आशू, मौलेस यादव, कुनाल वैष्णव 4वे एवं 5वे स्थान पर रहे। इन सभी खिलाडियों के सफलता डोमन महोबिया, अजय श्रीवास्तव, नीलू शर्मा, जीतू मुर्दलियार अध्यक्ष अमित आजमानी, अशोक श्रीवास, बंसत मैगी, शेख वासीम, विवेक रंजन सोनी, निरज शुक्ला, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, चोवाराम सोनकर, अंकुश आजमानी, आकाश सोनी, सहसचिव नारायण लोहार, तामेश्वर बंजारे, अभिशेक आजमानी, रितेश धरड़े, व्यायाम शाला एवं संघ के वरिष्ट सदस्य दाउत खान, अजय कुलदीप, रामायादव, गणेश साहू, जग्गु ठाकुर, नीतिन शर्मा, रवि गुप्ता, सुखराम मेश्राम, मनीष तिवारी, सचिन महोबिया, दिनेश राजपूत, गौकरन सोनकर, नोमेन्द्र यादव, वैभव देवांगन आदि सदस्यो ने बधाई प्रेषित किये है।







# छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का सपना साकार- डॉ. रमन सिंह



उत्सव के रूप में मना विस अध्यक्ष का जन्मदिन

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्पीकर हाउस में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं शिवनाथ वाटिका में जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा हुआ जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह एवं उमंग के साथ डॉ रमन सिंह का जन्मदिन मनाया। शिवनाथ वाटिका में आयोजित एक गरिमा पूर्ण कार्यक्रम में डॉ रमन सिंह ने कहा कि एक पार्षद से लेकर विधायक एवं लोकसभा के सांसद केंद्रीय मंत्री और तीन बार मुख्यमंत्री तथा वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका में मैं अगर आज खड़ा हूं, तो इसके पीछे कार्यकर्ताओं की मेहनत और संघर्ष का परिणाम है उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता लगातार एक लक्ष्य को लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा की घोषणा पत्र में जो वादे किए गए थे आज विष्णु देव साय की सरकार ने उनका पालन करते हुए पूरी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का उनका सपना अब साकार हो रहा है। प्रदेश सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार 35 किलो चावल के साथ किसानों से 21 क्विंटल धान खरीदी भी कर रही है उन्होंने दिल्ली में 21 वर्षों की राजनीतिक यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक दिन की भी छुट्टी उन्होंने नहीं ली और अपने जीवन का सर्वस्व देश के लिए समर्पित कर दिया, ऐसे ऊर्जावान प्रधानमंत्री को वह अपना आदर्श मानते हैं।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मेरी कोशिश छत्तीसगढ़ के समग्र विकास की रही, जिसे 15 वर्षों तक बड़ी-बड़ी समस्याओं का निराकरण कार्यकर्ता की ऊर्जा से हो पाया, 5 वर्षों तक विकास को रोकने वाले आए जिन्होंने छत्तीसगढ़ का बहुत नुकसान किया, परंतु विगत दो वर्षों में छत्तीसगढ़ पुनः विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। 3000 मेगावाट जेनरेशन की क्षमता वाला विद्युत मंडल आज 32000 मेगावाट जनरेशन की क्षमता प्राप्त कर चुका है। इस तरह से सभी क्षेत्रों में विकास अपने चरम सीमा पर है। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में प्रतिवेदन देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने डॉ. रमन सिंह का जीवन परिचय बताया और दीर्घायु एवं समृद्ध होने की कामना के साथ शुभकामना व्यक्त की।

शहर के महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने सहज सरल और विकास पुरुष डॉ रमन सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश की राजनीति में अपनी व्यक्तित्व कल के कारण एक अलग मुकाम हासिल किया प्रदेश के साथ-साथ राजनांदगांव को उन्होंने जो दिया है, उसे राजनांदगांव की जनता कभी नहीं भूल सकती मेडिकल कॉलेज एकलव्य विद्यालय केंद्रीय विद्यालय दिग्विजय स्टेडियम और 14 करोड़ की लागत से नालंदा परिसर आईटीआई कॉलेज इत्यादि सुविधाओं के साथ उन्होंने राजनांदगांव को एक नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने भी डॉ. रमन सिंह को विकास पुरुष के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाकर लोगों को जमीन में क्रियान्वयन की योजना डॉ. रमन सिंह ने बनाई थी जो बाद में पूरे देश में प्रसिद्ध हुई डॉ. रमन सिंह की स्किल डेवलपमेंट एवं विकास यात्रा कि उन्होंने हृदय से प्रशंसा की प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने बताया कि एक बार में वनांचल की एक गांव में एक गरीब की झोपड़ी में पहुंचे तो पता चला कि उनके जीवन का आधार एक रुपये किलो चावल योजना के अंतर्गत प्राप्त खाद्यान्न था उन्होंने कहा कि 15 वर्षों के कार्यकाल में डॉ रमन सिंह की जनप्रिय योजनाओं ने मध्यम वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया और गरीब की प्राण रेखा का मुख्य आधार यह योजनाएं बनी उन्होंने डॉ रमन सिंह की संवेदनशीलता की पराकाष्ठा को अपनी प्रेरणा का मुख्य आधार बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कवर्धा एवं राजनांदगांव तथा छत्तीसगढ़ से कोने-कोने से वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने किया। शिवनाथ वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम मंडल, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं जिला भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों ने गजमाला से स्वागत किया एवं मिल्क केक काटकर डॉ रमन सिंह के जन्मदिवस की खुशियां बांटी।

### संस्था, संगठनों ने किया सम्मान, मंत्रियों ने किया स्वागत

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन बुधवार को शहर सहित जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अपने लाडले विधायक को बधाई और शुभकामनाएं देने लोगों में होड़ मची रही। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यवसायिक एवं धार्मिक संगठनों ने अपने जननायक के सम्मान में समारोह का आयोजन किया। इस दौरान स्पीकर हाउस में आयोजित भव्य कार्यक्रम उदयाचल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, बढ़ते कदम, लायंस क्लब, निषाद समाज, हल्बा समाज, पूज्य सिंधी पंचायत, साहू समाज, हिन्दू युवा मंच, राजपूत महासभा क्षत्रिय एवं गुरु सिंग सभा सहित अन्य संस्थाओं व संगठनों ने डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया। कार्यक्रम में कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, जशपुर, दुर्ग, रायपुर, भिलाई सहित प्रदेश भर से पहुंचे प्रबुद्ध नागरिक एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने डॉ. रमन सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इधर मठपारा स्थित शिवनाथ वाटिका में जिला भाजपा द्वारा डॉ. रमन सिंह का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस को जिला भाजपा द्वारा उत्सव के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर बुधवार की सुबह शहर के 51 वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया गया, वही 71 गांवों में पौधारापण कर डॉ. रमन सिंह के दिर्घायु होने कामना की गई। कार्यक्रम की कड़ी में बुधवार की शाम स्पीकर हाउस में भोज का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, मंत्री दयालदास बघेल, श्रीमति लक्ष्मी राजवाड़े, राजेश मूणत सहित मंत्रीगण एवं विधायकगण उपस्थित रहे। यहां से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अतिथियों के साथ स्टेट स्कूल में आयोजित संगीत संध्या के कार्यक्रम में पहुचे और प्रसिद्ध गायक कैलाश खैर के गीतों का आनंद लिया। जन्मदिन के अवसर पर लोगों से मिले प्यार और सम्मान से डॉ रमन सिंह अभिभूत और भावुक नजर आए। उन्होंने लोगों से मिलने वाले प्यार को अपनी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि लोगों से मिलने वाला स्नेह उन्हें प्रदेश के विकास के लिए काम करने की ऊर्जा प्रदान करता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अनगिनत आकांक्षाओं के पूरा होने की दास्तां



- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का जिले में हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन
- जिले में एक वर्ष में 20186 आवास निर्माण कार्य हुए पूर्ण
- पिछले 5 वर्षों में पूर्णता का प्रतिशत 98.83 प्रतिशत
- आवासों की पूर्णता की प्रगति शासन, प्रशासन एवं ग्रामीण के समन्वित प्रयासों का परिणाम

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना अनगिनत आकांक्षाओं के पूरा होने की दास्तां है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला रही है। पक्के घर बनने से आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग को सम्मान और सुरक्षा मिल रही है। अपना आशियाना बन जाने से जनमानस को राहत मिली है। एक ओर जहां उनको कच्चे मकान के कारण होने वाली दिक्कत से मुक्ति मिली है, वहीं उनके जीवन स्तर का उन्नयन हुआ है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 27442 आवास स्वीकृत था, जिसके विरूद्ध 27122 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। पिछले 5 वर्षों में पूर्णता का प्रतिशत 98.83 प्रतिशत है।

शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जिले को 34784 आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें से 30552 हितग्राहियों के आवास स्वीकृति के तुरंत बाद हितग्राही को बैंक खाता में 40 हजार रूपए प्रथम किश्त की राशि का भुगतान किया गया है। एक वर्ष की उपलब्धि में 20186 आवास पूर्ण किया गया है, पूर्णता का प्रतिशत 66.07 है। आवासों की पूर्णता में पहले 248 दिवस लग रहा था। वर्तमान में 194 दिवसों में आवास पूर्ण किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासों से सराहनीय प्रगति हो रही है। योजना का क्रियान्वयन चरणबद्ध रूप में किया जाता है। जिसमें हितग्राहियों को मकान निर्माण की राशि 3 किस्तों में सीधे डीबीटी आधार बेस प्रणाली से उनके खातें में अंतरित की जाती है। जिले में अब तक स्वीकृत पश्चात 30162 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का भुगतान किया जा चुका है। जो कुल स्वीकृति मकानों का 98 प्रतिशत से अधिक है। इन्हीं लाभार्थियों को मकान निर्माण प्रारंभ करने एवं प्लींथ स्तर तक कार्य पूर्ण करने उपरांत 25421 लाभार्थियों को मकान निर्माण की दूसरी किस्त भी दी जा चुकी है, जो कुल स्वीकृति का 83 प्रतिशत से अधिक है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला स्तर से सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही जनपद स्तर पर प्रत्येक ग्राम में स्वीकृत आवासों के निगरानी हेतु नोडल अधिकारी बनाया गया है और कार्यों की समीक्षा की जा रही है। जिनका कार्य ग्राम के हितग्राहियों से सीधे परस्पर समन्वय बनाना साथ ही उन्हें ग्राम स्तर पर ही आवास निर्माण की आवश्यक सामग्री ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र के सहयोग से उपलब्ध कराना है। कुल स्वीकृत 30552 आवासों में से 20186 आवास की पूर्णता की प्रगति न केवल शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि जिला प्रशासन और आम ग्रामीणजनों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। जिले में मकान निर्माण की निगरानी, स्वच्छता और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चत कर ग्रामीण विकास में एक नई पहचान गढ़ी जा रही है।

## आरकेसी में होने जा रहा है बहुप्रतीक्षित नाट्य कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में बहुप्रतीक्षित नाट्य कार्यक्रमों का आयोजन होने जा रहा है। इन नाट्य प्रस्तुतियों का निर्देशन डायरेक्टर श्रेयांश बहादुर सिंह द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अपनी अभिनय क्षमता, संवाद अदायगी और मंचीय कौशल को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। हाउस मास्टर्स ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और छात्रों को अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया है।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना और उनके व्यक्तित्व विकास में सहयोग देना है। यह नाट्य कार्यक्रम कल शाम 5 बजे से आरकेसी कैंपस में प्रारंभ होगा और कल तथा परसों भी जारी रहेगा। छात्रों और शिक्षकों दोनों में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है, और सभी इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से कर रहे हैं। चारों हाऊस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

### बधाई संदेश

डॉ.सविता जे.बी. सिंह, अध्यक्ष, अशोक चौधरी, उपाध्यक्ष, प्रशासक एवं निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावन बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, अपर्णा वर्मा, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, बर्सर, इंद्र कुमार वैष्णव, सोनल एंजोरियो, एकता खंडेलवाल और अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल ने इस आयोजन के लिए सभी छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी है। हम सभी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट हैं और छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए उत्सुक हैं।

## आज डॉ. रमन सिंह दिवाली से पूर्व करेंगे स्वच्छता दीदियों को साड़ी वितरण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदीयो को समय समय पर वर्दी, साड़ी, रैन कोट के अलावा अन्य सुरक्षागत सामग्री का वितरण किया जाता है। इसी कडी में दीवाली त्योहार के पूर्व महिला कर्मियो को साड़ी वितरण किया जाना है। पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में कल 16 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे की उपस्थिति में स्वच्छता दीदीयो, निगम की महिला कर्मियो एवं वूमेन फार ट्री अंतर्गत स्व सहायता समूह की दीदीयो को साड़ी वितरण करेंगे।

वितरण कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो एवं सफाई कर्मियो को वर्दी साड़ी के अलावा अन्य आवश्यक समाग्री का वितरण किया जाता है। इसी कडी में निगम की महिला कर्मियो को हिन्दुओं का सबसे बढ़ा पर्व दिपावली के पूर्व साड़ी का वितरण किया जाएगा। उक्त साडी वितरण कार्य कल आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एवं हमारे यशस्वी विधायक अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर सांसद महोदय की उपस्थिति में अपने हाथो से वितरण करेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियो, शहर के गणमान्य नागरिकों,पार्षदों एवं पत्रकार बंधुओ से उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर महिला कर्मियो का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## धम्म देशना का कार्यक्रम हुआ संपन्न



डोंगरगांव हांडी टोला में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर प्रज्ञा, शील और करुणा का संदेश

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के अंतर्गत ग्राम डोंगरगांव हांडी टोला में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग, भिलाई और डोंगरगढ़ से पहुंचे भिक्षु संघ एवं भिक्षुणी संघ ने सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रज्ञा, शील और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए धम्म देशना दी।

कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने भी उपस्थिति दर्ज कर सामाजिक एकता का परिचय दिया। आयोजन में प्रमुख रूप से रितेश मेश्राम (पार्षद, अम्बागढ़ चौकी), नारद टेंभुरकर (सह सचिव, भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़), मुकेश सिन्हा (पार्षद, अम्बागढ़ चौकी), उदेराम साहू (किसान मोर्चा महासचिव, छत्तीसगढ़), दयाशंकर नंदेश्वर, भगवान सिंह मंडावी (सरपंच, ग्राम पंचायत डोंगरगांव), जगीता मंडावी (सरपंच, ग्राम पंचायत हांडी टोला), गणेश मंडावी (सरपंच प्रतिनिधि), भीमलाल कराड़े, मैना बाई लेंझरे, मनोज लाड़ेश्वर, शशिकला सहारे, केना बाई, अहिल्या बाई, नरेंद्र जनबंधु, गोपाल पाल, राजकुमार, मुक्ता सहारे, मिथलेश जनबंधु, मिलिंद सहारे, देवलाल लाड़े, अनुसुइया, धनुष जनबंधु, गुणदेवी, घनश्याम, विशाखा जनबंधु, बलिराम साखरे, सुरेंद्र वाल्दे, महेंद्र धवले सहित डोंगरगांव हांडी टोला एवं आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्रीमती शैला खण्डेलवाल का आकस्मिक निधन

राजनांदगांव (दावा)। शहर की प्रतिष्ठित फर्म संजय साड़ी सेंटर से जुड़े अजय खण्डेलवाल, विजय और संजय खण्डेलवाल की पूज्य माताजी श्रीमती शैला खण्डेलवाल का आकस्मिक निधन आज दोपहर 12.30 बजे हो गया। श्रीमती शैला खण्डेलवाल स्व. नत्थूलाल खण्डेलवाल की धर्मपत्नी थी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। श्रीमती शैला खण्डेलवाल की अंतिम यात्रा 16 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे उनके निज निवास कामठी लाइन से निकलेगी। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं। शोकाकुल परिवार में प्रमोद खण्डेलवाल, अजय खण्डेलवाल, विजय खण्डेलवाल, संजय खण्डेलवाल एवं समस्त कायथवाल परिवार आदि मौजूद रहे।

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रं./6048/अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 03/10/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टोमनलाल चंद्रवंशी व अजय कुमार चंद्रवंशी दोनों के पिता निंरनलाल चंद्रवंशी, निवासी ममता नगर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम रेवाडीह, पटवारी हल्का नंबर 37, खसरा नंबर 49/13 रकबा 0.0300 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति दावा/ इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 13/10/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 03/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भावेश बुद्धदेव पिता स्व. श्री किशोर भाई बुद्धदेव आयु 50 वर्ष हाउस नं 128, वार्ड नं. 11, स्टेशनपारा खैरागढ़ रोड राजनांदगांव, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, पिन 491441 यह शपथ करता हूँ कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पुराना नाम भावेश कुमार बुद्धदेव पिता स्व. श्री किशोर भाई ( BHAVESH KUMAR BUDDHADEO S/O LATE SHRI KISHOR BHAI ) से बदलकर भावेश बुद्धदेव पिता स्व. श्री किशोर भाई बुद्धदेव ( BHAVESH BUDHDEO S/O LATE KISHOR BHAI BUDHDEO ) रख लिया है। अतः आज से मेरा नाम शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज मे नया नाम भावेश बुद्धदेव पिता स्व. श्री किशोर भाई बुद्धदेव ( BHAVESH BUDHDEO S/O LATE KISHOR BHAI BUDHDEO ) से ही जाना पहचाना जाने हेतु इंडियन यूनियन ड्राइविंग लाइसेंस में परिवर्तन करना चाहता हूं।

**भावेश बुद्धदेव**
पिता-स्व. श्री किशोर भाई बुद्धदेव
निवासी - हाउस नं 128, वार्ड नं 11,
स्टेशनपारा, खैरागढ़ रोड राजनांदगांव,
छत्तीसगढ़, पिन - 491441
मो.नं. 9329989921

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
1-5-0
568-9 258-5
राजधानी
2-4-9
358-6 248-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय नगर पंचायत गण्डई जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

npgandai@gmail.com
नामांतरण प्रकरण क्रमांक 1348

**// ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //**

कार्यालय दूरभाष- 07743-260277
दिनांक 15/10/2025

एतद् द्वारा स्वामित्व में हित रखने वाले हितग्राही को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत स्वामित्व के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नगर पंचायत गण्डई के अभिलेख में हस्तांतरिती के नाम दर्ज किया गया है। स्वामित्व संबंधी यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तातरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कैलाश यादव, श्री विनोद यादव, श्रीमती चम्पा यादव तीनों के पिता श्री पंचकोड़ यादव वार्ड क्रमांक 05 गण्डई | श्री हरि प्रसाद यादव पिता स्व. श्री केशव राम यादव वार्ड क्रमांक 05 गण्डई | सहमति पत्र रूपये 100.00 स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित | वार्ड क्रमांक 05 गण्डई कच्चा कवेलू मकान |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत गण्डई

# छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में मिला राष्ट्रीय सम्मान, 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य' घोषित

रायपुर (दावा)। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाय) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यों और शून्य लंबितता (जीरो पेंडेसी) सुनिश्चित करने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए छत्तीसगढ़ को 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य' घोषित किया गया है। यह सम्मान आज भोपाल में आयोजित एनएचए कॉन्क्लेव के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के सीईओ सुनील कुमार बर्नवाल द्वारा राज्य नोडल एजेंसी (एसएनए) की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर (ऑपरेशन) धर्मेंद्र गहवाई को प्रदान किया गया। यह उपलब्धि राज्य नोडल एजेंसी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के लिए की गई निरंतर पहल का परिणाम है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित हुई कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में पहली बार आयुष्मान भारत योजना को एक एजेंडे के रूप में शामिल किया गया था। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर्स को जिलों में योजना की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ राज्य की प्रमुख पहल

राज्य नोडल एजेंसी द्वारा हाल के महीनों में कई सशक्त कदम उठाए गए, जिनमें संदिग्ध दावों की पहचान कर व्यापक फील्ड ऑडिट का संचालन, क्लेम प्रोसेसिंग के टर्न-अराउंड टाइम (टीएटी) में उल्लेखनीय कमी, सभी हितधारकों का उन्मुखीकरण एवं संवेदनशीलता प्रशिक्षण, स्टेट एंटी फ्रॉड यूनिट (एसएएफयू) टीम का सशक्त गठन और एम्पैनल्ड हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स (ईएचसीपीएस) के साथ नियमित संवाद एवं समन्वय तंत्र की स्थापना शामिल है।

जनवरी 2025 में एनएचए की समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ में संदिग्ध दावों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक पाई गई थी। इस स्थिति में सुधार के लिए राज्य नोडल एजेंसी ने त्वरित कार्ययोजना तैयार कर अमल में लाई।

### सख्त कार्रवाई और पारदर्शिता

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जनवरी-फरवरी 2025 के बीच राज्यभर में 52 अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। योजना के मानकों का पालन न करने पर 45 अस्पतालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई– जो अब तक की सर्वाधिक कार्रवाई रही। इसके अलावा, 32 हजार से अधिक मामलों में फील्ड ऑडिट किए गए, जिससे फर्जी दावों की रोकथाम और दावे निपटान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया गया।

### स्वास्थ्य सचिव एवं सीइओ - एसएनए की अध्यक्षता में जिला एवं राज्य स्तर पर सघन समीक्षा

राज्य में सभी जिलों द्वारा सचिव (स्वास्थ्य) के निर्देशानुसार अस्पतालों का पुनः निरीक्षण किया गया। सचिव अमित कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तिमाही समीक्षा बैठक में पीएम-जेएवाय को प्रमुख एजेंडा बनाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्टेट नोडल एजेंसी के नेतृत्व में जिलों की मासिक समीक्षा बैठकें प्रारंभ की गईं, वहीं दैनिक उपलब्धियों के आधार पर जिलों को रोजाना फीडबैक और दिशा-निर्देश जारी करने की प्रणाली भी विकसित की गई।

**○ राज्य में पीएम-जेएवाय के तहत पंजीकृत अस्पतालों में से 97 प्रतिशत आयुष्मान योजना अंतर्गत सक्रिय, पूरे देश में यह सर्वाधिक, यह योजना में राज्य के अस्पतालों के विश्वास का प्रमाण**

**○ स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से राज्य में संदिग्ध दावों की संख्या में आई भारी गिरावट**

**○ राज्य सरकार का लक्ष्य, प्रदेश के सभी पात्र परिवारों को मिले गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सुविधा- श्याम बिहारी जायसवाल**

### अस्पतालों से निरंतर संवाद

एम्पैनल्ड अस्पतालों की समस्याओं के निराकरण हेतु इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों और निजी अस्पतालों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं। हाल ही में एनएचए विशेषज्ञों की उपस्थिति में स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन भी हुआ, जिसमें अस्पतालों की समयाओं का निराकरण किया गया, उनसे सुझाव प्राप्त किए गए और उन्हें योजना की नवीनतम प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

### उल्लेखनीय सुधार, संदिग्ध दावों की संख्या में भारी गिरावट

स्वास्थ्य विभाग के इन प्रयासों के परिणामस्वरूप संदिग्ध दावों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जहां पहले प्रति सप्ताह 2,000 से अधिक संदिग्ध दावे दर्ज होते थे, वहीं अब यह घटकर 500 से भी कम रह गए हैं। वहीं क्लेम अप्रूवल का समय घटकर अब केवल 7-10 दिन रह गया है।

### राज्य के 97 प्रतिशत अस्पताल सक्रिय

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में पीएम जेएवाय के तहत पंजीकृत 97 प्रतिशत अस्पताल सक्रिय हैं, जो योजना में अस्पतालों के विश्वास का प्रमाण है। जबकि पड़ोसी मध्यप्रदेश में यह दर मात्र 62 प्रतिशत और देश का औसत मात्र 52 प्रतिशत है।

### प्रशासनिक प्राथमिकता के रूप में योजना

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा है कि पीएम-जेएवाय को सभी जिलों की समीक्षा बैठकों के प्रमुख एजेंडा में शामिल किया गया है। राज्य स्तर पर भी प्रत्येक माह जिलों के साथ समीक्षा कर योजना की प्रगति का आकलन किया जा रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी पात्र परिवारों को गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अल्प समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार करते हुए अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवाया है।

# सूरज बुद्धदेव को राज्य स्तरीय अधिमान्यता समिति में शामिल होने कवि/साहित्यकार एवं पत्रकारों ने दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। जिले के दैनिक समाचार पत्र दैनिक दावा के संपादक सूरज बुद्धदेव को राज्य स्तरीय अधिमान्यता सूचि में शामिल किए जाने पर जिले के कवि साहित्यकार एवं पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया है और उन्हें हारफूल पहना कर तथा गुच्छ प्रदान करते हुए मुंह मीठा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

दैनिक दावा के संपादक व प्रदेश के पत्रकारों की अधिमान्यता समिति में शामिल हुए सूरज भाई का सम्मान छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति की नई टीम के अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में समिति के संरक्षक वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य', सचिव-मानसिंह 'मौलिक', उपाध्यक्ष द्वय सुषमा शुक्ला 'अंशुमन', थगेश्वर कुमार साहू संयोजक- पवन यादव 'पहुना', सुश्री सत्या मिश्रा एवं, पत्रकार/कवि प्रकाश साहू वेद, वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर साहू, आदि ने दैनिक दावा कार्यालय पहुंचकर उनका आत्मीय पूर्ण सम्मान किया गया।

**राज्य स्तरीय अधिमान्यता सूचि में शामिल किए से बढ़ी संस्कारधानी की गरिमा**

अपने सम्मान से अभिभूत सूरज बुद्धदेव ने कहा कि दैनिक दावा जिले का प्रतिनिधि अखबार है। जिसमें लोक कला/साहित्य, शिक्षा, खेल आदि समाचारों को प्रमुखता से स्थान मिलता रहा है। कवि साहित्यकारों की रचनाओं को प्रमुखता के साथ प्रकाशित की जाती रही है। दैनिक दावा आगे भी संस्कारधानी की कला/साहित्य के संस्कारों के अनुरूप सभी रचना धर्मियों को प्रमुखता के साथ प्रदान करते रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि साहित्यकार एवं पत्रकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने कहा कि कला साहित्य पत्रकारिता खेल-कूद व अन्य क्षेत्रों में शामिल लोगों के राज्य स्तर पर सम्मान जनक स्थान मिलने व सम्मानित होने या पुरस्कृत होने पर साहित्य समिति को अत्यंत खुशी होती है। इससे संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव का गौरव बढ़ाता है। सूरज भाई ने पत्रकारों की राज्य स्तरीय अधिमान्यता सूचि स्थान प्राप्त कर में इस गरिमा में श्री वृद्धि की है।

उनके इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति की संरक्षिका समाज सेवी श्रीमती शारदा तिवारी, अशोक चौधरी, डॉ शंकर मुनि राय, गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', राकेश इंदूभूषण ठाकुर, विधिक सलाहकार अधिवक्ता राकेश ठाकुर, गजेंद्र बख्शी आदि ने भी उन्हें फोन काल कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर देनिक दावा के वरिष्ठ आपरेटर जीतेंद्र कुमार लाल 'जीतु', कृष्णा यादव, गिरवर वैष्णव, निर्जय गढ़पायले, किशोर खोब्रागड़े,आदि उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह 'मौलिक' व संयोजक पवन यादव 'पहुना' द्वारा दी गई।

# कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज सुबह किया शहर भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। नवागत कलेक्टर जितेन्दर यादव ने आज सुबह शहर के मध्य क्षेत्र का भ्रमण कर साफ-सफाई का जायजा लिया और शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने प्राथमिकता से कार्य करने निगम के अमला को निर्देशित किए। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा से कहा कि दीपवाली पर्व को देखते हुए शहर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने नागरिको से रूबरू होकर स्वच्छता से जुडने अपील भी किए।

कलेक्टर ने आज सुबह सुबह शहर के मध्य क्षेत्रों में भ्रमण कर साफ सफाई का जायजा लिया। उन्होंने नाली सड़को की नियमित सफाई करने तथा आगामी दिनों में दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर शहर में समुचित साफ सफाई करने कहा। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में शहर में भीड भाड का माहौल रहता है, इसलिए सुबह से ही बाजार क्षेत्र में साफ सफाई किया जाए। शहर मुक्कडो की सफाई कर नागरिको को कचरा नही फेकने समझाईस दे, सड़क पर मलमा व कचरा फैलाने वालो पर कार्यवाही करे तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने समझाईस देवे। एजुकेशन हब निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास के आस पास तथा नालियो की नियमित सफाई के निर्देश दिए।

**○ मध्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने प्राथमिकता तय कर कार्य करने के दिए निर्देश**

**○ कलेक्टर नागरिकों से हुए रूबरू, स्वच्छता से जुड़ने की अपील**

कलेक्टर ने नागरिकों से रूबरू हो साफ सफाई रखने स्वच्छता अपनाने अपील किए, साथ ही फल ठेला वालो से कचरा नही फैलाने तथा डस्टबिन का उपयोग करने समझाईस दिए। उन्होंने स्वच्छता दीदीयो से कहा कि प्रतिदिन हर घर कचरा संग्रहण कर सत प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें तथा घर में ही गिला सुखा कचरा पृथककर देने समझाईस देवे। उन्होंने रानीसागर-बुढ़ासागर का निरीक्षण कर तालाब के किनारे मलमा हटा सफाई रखने कहा। साथ ही सौंदर्यीकरण के लिए कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिए। सफाई अमला को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क के किनारे गायो को चारा खिलाने वालों से बर्तन में चारा रख खिलाने व सफाई करने समझाईस देवे। उन्होने आयुक्त से कहा कि शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और अधिकारी प्रतिदिन मानिटरिंग करें।

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस पर पौधारोपण कर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 के अंतर्गत आदर्श ग्राम सुरगी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुग्रीव साहू, उप सरपंच युवराज साहू, पंचायत सचिव जावंतीन चंदेल, रोजगार सहायक जाम बाई ठाकुर,पंच महेश दिवाकर, पंचायत ऑपरेटर रूपेंद्र चतुर्वेदी, मितानिन बहनें एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में पौधे लगाए गए। उपस्थित सभी लोगों ने पेड़ों की सुरक्षा और जल संरक्षण की शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभाते हैं। सभी ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखभाल स्वयं करेंगे ताकि यह एक हरित और स्वच्छ सुरगी का आधार बन सके।

# अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा बने छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के अध्यक्ष, मानसिंह 'मौलिक' सचिव, पवन 'पहुंना' संयोजक



अखिलेश्वर मिश्रा | मानसिंह मौलिक | सुषमा शुक्ला | थंगेश्वर साहू | पवन यादव

राजनांदगांव (दावा)। जिले में विगत 25 वर्षों से संचालित छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अनुषांगिक संगठन छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारी व सदस्य चुने गए।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर शहर के पुराने विश्राम गृह में आयोजित कवि/साहित्यकार एवं साहित्य सुधियों की बैठक में वरिष्ठ कवि/साहित्यकार अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा सर्व सम्मति से समिति के जिलाध्यक्ष चुने गए। इसी तरह कवि एवं कथाकार मानसिंह मौलिक-सचिव, पवन यादव 'पहुना' संयोजक तथा कवयित्री सुषमा शुक्ला 'अंशुमन' एवं कवि थंगेश्वर कुमार साहू उपाध्यक्ष बने हैं। वहीं सह-सचिव ओजस्वी कवि शैलेष गुप्ता व सह-संयोजक कवि तारिक ललानी 'साहिल' बनाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के संरक्षक मंडल में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (छ.ग. शासन) के जिला समन्वयक, वरिष्ठ कवि/साहित्यकार एवं लोक कला धर्मी, आत्माराम कोशा 'अमात्य', शशिकांत द्विवेदी, डॉ शंकर मुनि राय, गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय' पद्मलोचन शर्मा 'मुंहफट' साहित्य सुधि अशोक चौधरी, समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, प्रो. के.के.द्विवेदी शामिल हैं। वहीं समिति के विधिक सलाहकार समाज सेवी व अधिवक्ता राकेश ठाकुर व गजेंद्र बख्शी है।

### कार्यकारिणी में शामिल किए गए वरिष्ठ कवि/साहित्यकार

साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक ने बताया कि नवगठित साहित्य समिति के कार्यकारिणी में राजनांदगांव क्षेत्र से कवि साहित्यकार एवं आकाशवाणी के नैमित्तिक उद्घोषक- लखन लाल साहू 'लहर', डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, शत्रुघ्न सिंह राजपूत, थनवार निषाद 'सचिन', प्रकाश साहू 'वेद', आनंदराम सार्वा 'अनंत', डोंगरगांव क्षेत्र से हास्य-व्यंग्य के कवि विरेंद्र तिवारी 'वीरु', गजेंद्र हरिहारणो 'दीप', डॉ. माधवी गणवीर, छुरिया - गैंदाटोला-चिचोला क्षेत्र से कवि/साहित्यकार एवं लोक कलाधर्मी शेरसिंह गोड़िया 'मयारु मांटी', ग्वाला प्रसाद नटखट, दिनेश मंडावी, गोवर्धन परतेती 'गंभीर'। अंबागढ़ चौकी क्षेत्र से हेमलाल सहारे, मानवेंद्र, डोंगरगढ़ क्षेत्र से कवि/साहित्यकार अमृत साहू 'अमृत', मदन मंडावी, खैरागढ़ क्षेत्र से संकेत यदु, भावेश देशमुख व पद्मा पर्वणी को लिया गया है। साहित्य समिति द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्यों के रुप में वरिष्ठ कवि साहित्यकार कुबेर साहू, प्रभात तिवारी, डॉ. पीसी लाल यादव (गंडई) डॉ. संतराम देशमुख 'विमल'(दुर्ग), जीवन यदु 'राही' व डॉ. राजन यादव (खैरागढ़) वरिष्ठ कथाकार श्रीमती सुभदा मिश्रा, तेजेंदर सिंह भाटिया (डोंगरगढ़) को लिया गया हैं। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह 'मौलिक' द्वारा दी गई है।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत मेडिकल छात्रों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ब्लड सेंटर में मेडिकल विद्यार्थियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में मानवता और सेवा की भावना का परिचय देते हुए मेडिकल छात्रों ने रक्तदान किया। अधिष्ठाता शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव डॉ. पीएम लुका ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि रक्तदान श्रेष्ठ मानवीय कर्मों में से है। यह किसी के जीवन बचाने का अवसर भी है और कर्तव्य भी। प्रभारी अधीक्षक पवन जेठानी ने कहा कि रक्त की हर बूंद किसी की जिंदगी में नई आशा जगाती है। छात्रों का यह उत्साह समाज के प्रति उनकी संवेदना का प्रतीक है। डॉ. प्रतिमा कुजूर ने कहा कि मेडिकल छात्रों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान केवल सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि उनके चिकित्सकीय संस्कारों का सशक्त प्रदर्शन भी है।

52 बार रक्तदान कर चुके ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर इंदौरिया ने कहा कि ऐसे शिविरों से युवाओं में सहयोग, संवेदना और जिम्मेदारी की भावना प्रबल होती है तथा रक्त की उपलब्धता भी सुनिश्चित होती है। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. रिंकू सिंह, ब्लड सेंटर की टीम सिस्टर ममता, टेक्नीशियन चूमेश एवं कन्हैया उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न सामान्य कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना सं.:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-21 दिनांक: 08.10.2025
**कार्य का नाम:** विद्युत कार्यों हेतु - **(ए)** दारेकसा स्टेशन पर यात्री प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 को ऊँचा करना। **(बी)** JTR स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 को ऊँचा करना। **(सी)** PMS स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 1, 2 और 5 को ऊँचा करना। **(डी)** MUP स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 को ऊँचा करना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 36,59,572/-, **बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 73,200/-, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि:** दिनांक **27.10.2025** से **10.11.2025** के **15:00** बजे तक।
**निविदा खोलना:** दिनांक **10.11.2025** को।

**2. निविदा सूचना सं.:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-14R1 दिनांक: 08.10.2025
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में विद्युत (जी) के ओवरहेड रखरखाव कार्यों के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए 02 ट्रक/MUV माउंटेड स्काई लिफ्टर को किराये पर लेना है।
**निविदा मूल्य:** ₹ 20,22,048/-, **बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 40,500/-, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि:** दिनांक **21.10.2025** से **04.11.2025** के **15:00** बजे तक।
**निविदा खोलना:** दिनांक **04.11.2025** को।

अधिक जानकारी हेतु वरिष्ठ डीईई (RS&G)/ नागपुर कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।

**सहायक मंडल विद्युत अभियंता (जी), द.पू.म. रेलवे, नागपुर**
AIM/30-150

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# आबकारी एक्ट के तहत आरोपी कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े




राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत एक आरोपी को धर दबोचा है।कोतवाली थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 49 पौवा देशी प्लेन मदिरा एवं एक्टीवा मोटर सायकल जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

**गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल**

थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (भा.पु.से.) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ लगातार धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मुखबीर की सूचना गंज चौक सोनकर कृषि केन्द्र के सामने आरोपी विनित लोन्हारे पिता स्व. भंवर लाल लोन्हारे उम्र 21 वर्ष निवासी राम नगर पॉवर हाउस के पास को घेराबंदी कर धर दबोचा गया। पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को अवैध रूप से बिक्री करने शराब को एक्टीवा मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 08 ए.एम.-5966 से परिवहन कर ले जाते रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 49 पौवा देशी प्लेन शराब 8.820 बल्क लीटर किमती 3,920 रूपये एवं उक्त एक्टीवा वाहन को जप्त कर गिरफ्तार किया गया। श्री गौतम ने बताया कि आरोपी विनित नोन्हारे के खिलाफ पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से अप.क्र. 617/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला में भेज दिया गया है। दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली गौतम सहित प्र.आर.जी. सिरील कुमार, आरक्षक रंजीत चौरसिया, प्रयंश सिंह एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### शासकीय उ.मा. विद्यालय टटेंगा की छात्राओं ने राज्य स्तरीय खेलकूद में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के 2 छात्राओं ने राज्य स्तरीय खेलकूद में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रायगढ़ में आयोजित खेल प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की छात्रा झमिता ने -19 क्रिकेट में बॉलर के रूप में दुर्ग संभाग की ओर से सहभागिता प्रदान करते हुए उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर एक मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं की छात्रा सोनम ने बस्तर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ तथा लंबीकूद में भाग लेते हुए रेस में 4 था। स्थान प्राप्त करते हुए अपना तथा अपने विद्यालय का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य आरके देवांगन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पीटीआई रीना बोरकर के समर्पण की तारीफ करते हुए कहा कि मैडम के उत्तम प्रशिक्षण के कारण ही विद्यार्थी उत्तम प्रदर्शन कर पा रहे है। व्याख्याता पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक ने भी शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कमाना की।

# महिला शिक्षिका से इंस्टाग्राम में वर्क टू होम के नाम पर 6 लाख रुपये की ठगी

राजनांदगांव(दावा)। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला शिक्षिका से इंस्टाग्राम में वर्क टू होम के नाम पर पूरा प्रोफ़ाइल लेकर तथा पैसा कमाने की लालच दे कर 6 लाख रुपए खर्च कर लिए गए हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम ने घटना के संबंध में थाना कोतवाली में एक शिक्षिका महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इंस्टाग्राम चलाती है जहां उसे वर्क टू होम का विज्ञापन दिखा जिसमें वह अपना इंट्रेस्टेड होना बताई इसके बाद महिला से उसका व्हाट्सअप नंबर लेकर महिला से एक योजना के बारे मे जानकारी देकर महिला की नाम पता उम्र प्रोफशन की जानकारी लेकर रिव्यु करने और विभिन्न प्रकार के आनलाईन टास्क पूरा करने नाम पर पहले 200, 300, 1100, 710 रूपये कुल 5000 लगभग इसके खाते में स्थानांतरण किये गये। इसके बाद महिला को व्हीआईपी मेम्बर बनाने और अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर पैसा जमा करने का टास्क दिया गया जिसमें उसे बीच-बीच में स्टेटमेंट दिया गया और पैसा बढ़ने का लालच देते रहे और वह धीरे-धीरे पैसा जमा करती रही।

**आनलाइन टास्क पूरा करने महिला से लिया जाता रहा पैसा**

### ठगी की शिकार हुई शिक्षिका महिला

थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि प्रार्थिया ने जब विड्राल को खोला तब तक देर हो चुकी थी और वह महिला 6 लाख रूप्ये की ठगी का शिकार हो चूकी है। इस मामले में थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात लिंक, व्हाट्सअप नंबर और खाता नबर की जानकारी लिया जा रहा है। श्री गौतम ने कहा है कि राजनांदगांव पुलिस आपसे अपील करती है कि किसी प्रकार के आनलाईन पैसा कमाने के झांसे में न आयें तथा असुरक्षित व अज्ञात लिंक, व्हाटसअप नंबर या टेलीग्राम पर अपनी जानकारी न दें।

## अनमोल दावा

**हार का डर मत पालो, कोशिश छोड़ना ही असली हार है।**

## विचारधारा से हीन होती राजनीति, किसी को भी प्रत्याशी बनाने वाले राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं से करते हैं अन्याय

एक समय भाजपा चाल, चरित्र और चेहरे की बात करती थी और खुद को औरों से अलग बताती थी। अब वह ऐसा नहीं कहती। वैसे भाजपा अब भी कम्युनिस्ट दलों की तरह विचारधारा वाला दल है, लेकिन कांग्रेस की विचारधारा तो खुद कांग्रेसी भी नहीं बता सकते।

बिहार के राजनीतिक दल इन दिनों सीटों के बंटवारे के साथ ही इसलिए भी खबरों में हैं कि उनके नेता धड़ाधड़ पाला बदल रहे हैं। फिलहाल उनकी गिनती करना इसलिए कठिन है, क्योंकि हर दिन किसी न किसी दल का नेता अपने दल का त्याग कर रहा है। इन दल त्यागी नेताओं में विधायक, पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसदों के अलावा अन्य पदाधिकारी भी हैं। कुछ ने दूसरे दलों का दामन लिया है। कुछ थामने की तैयारी में हैं। पालाबदल के इस दौर में कुछ ऐसे नेता भी हैं, जो इसलिए दलबदल रहे हैं, क्योंकि वे अपने बेटे-बेटियों को चुनाव मैदान में उतारना चाहते हैं। जो नेता अपने-अपने दल का परित्याग कर रहे हैं, वे यह भी कह दे रहे हैं कि उनकी पार्टी अब वैसी नहीं रही। वह अमुक जाति-बिरादरी की विरोधी बन गई है और उसके नेता चाटुकारों से घिर गए हैं। चूंकि कोई भी उनसे नहीं पूछता कि उन्हें यह सब कब याद आया, इसलिए वे बताते भी नहीं।

बिहार में मौकपरस्त और दलबदलू नेताओं के साथ कुछ गायक-अभिनेता भी चर्चा में हैं, क्योंकि वे चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इनमें से एक हैं पवन सिंह और दूसरी हैं मैथिली ठाकुर। पिछले दिनों पवन सिंह गृहमंत्री अमित शाह से मिले। भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में बंगाल से चुनावी मैदान में उतारा था। वे आसनसोल से चुनाव लड़ने की तैयारी कर ही रहे थे कि उनके कुछ अश्लील गानों का उल्लेख कर तृणमूल कांग्रेस ने उन पर हल्ला बोल दिया।

नतीजा यह हुआ कि भाजपा हिचक गई और खुद पवन सिंह ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। इसी के साथ उनकी भाजपा से निष्ठा उड़नछू हो गई और वे बिहार के काराकाट से निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़े। वे खुद तो चुनाव हारे ही, उन्होंने काराकाट समेत अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की लुटिया डुबोई। विधानसभा चुनाव आते ही उनका भाजपा प्रेम फिर से उमड़ा।

उन्होंने जब गृहमंत्री से मुलाकात की तो कहा गया कि उनकी घर वापसी हो गई है। इस पर उनका कहना था कि वे भाजपा से अलग ही कब हुए थे? इसके बाद जब उनकी पत्नी ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया तो खबर आई कि उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वे भाजपा के सच्चे सिपाही हैं। क्या इस पर यकीन किया जा सकता है?

लोक गायिका मैथिली ठाकुर को दरभंगा के अलीनगर से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारने की चर्चा है। इसका असर यह हुआ है कि अलीनगर के भाजपा विधायक ने पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी। पवन सिंह या मैथिली ठाकुर जैसे कलाकारों या फिर वर्तमान या निवर्तमान नौकरशाहों के चुनाव लड़ने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन जब वे यकायक चुनाव मैदान में उतर आते हैं, तो जिस भी दल के प्रत्याशी बनते हैं, उसके संभावित प्रत्याशी बन सकने वाले नेताओं की आशाओं पर तुषारापात करते हैं।

अक्सर ऐसे नेता या तो विद्रोही हो जाते हैं या फिर भितरघात करते हैं अथवा निष्क्रिय हो जाते हैं। इसके अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं का वह वर्ग हताश होता है, जो नेता बनने और अंततः चुनाव लड़ने के सपने देख रहा होता है। ऐसे कार्यकर्ताओं के सपने तोड़ने का काम सभी दल समान भाव से करते हैं। वे यकायक कहीं से भी किसी को भी चुनाव मैदान में उतारने के अपने फैसले के पक्ष में यह तर्क देते हैं कि जिताऊ उम्मीदवारों पर दांव लगाना पड़ता है।

यह तर्क खोखला ही अधिक होता है, क्योंकि अक्सर दलबदलू या फिर नेता पुत्र अथवा राजनीति से इतर क्षेत्र के अचानक प्रत्याशी बने लोग चुनाव हार जाते हैं। यह तर्क दलों के उन कथित आंतरिक सर्वेक्षणों की भी पोल खोलता है, जिसके तहत यह बताने की कोशिश की जाती है कि क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की राय के आधार पर टिकट देने का फैसला किया गया।

आखिर मतदाता या फिर कार्यकर्ता ऐसे लोगों को चुनाव मैदान में उतारने के पक्ष में अपनी राय कैसे दे सकते हैं, जिनका उन्होंने संभावित प्रत्याशी के रूप में नाम ही नहीं सुना होता? यह स्थिति इसलिए निर्मित हो रही है, क्योंकि आज की राजनीति में विचारधारा के लिए स्थान न्यून होता जा रहा है और पार्टी निष्ठा का कोई विशेष मूल्य-महत्व नहीं रह गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में दिखा था कि भाजपा या कांग्रेस को पानी पी-पीकर कोसने या फिर उनकी विचारधारा से कोई साम्य न रखने वाले नेता किस तरह उनके प्रत्याशी बन गए थे। विचारधारा अब वह तेल है, जिसमें मनचाहा अचार डाला जा सकता है। इसका दुष्परिणाम केवल यह नहीं है कि राजनीति विचारधाराविहीन होती जा रही है, बल्कि यह भी है कि उसमें नैतिकता और निष्ठा के लिए स्थान कम से कम होता जा रहा है। इसके लिए राजनीतिक दल अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते।

एक समय भाजपा चाल, चरित्र और चेहरे की बात करती थी और खुद को औरों से अलग बताती थी। अब वह ऐसा नहीं कहती। वैसे भाजपा अब भी कम्युनिस्ट दलों की तरह विचारधारा वाला दल है, लेकिन कांग्रेस की विचारधारा तो खुद कांग्रेसी भी नहीं बता सकते। आम आदमी पार्टी जैसे अनेक दल ऐसे हैं, जिनकी कोई विचारधारा ही नहीं। वे इस एकमात्र विचार पर टिके हैं कि कैसे भी चुनाव जीतना है। हैरानी नहीं कि आम लोगों में राजनीति के प्रति अरुचि पैदा हो रही है। क्या अरुचि पैदा करती राजनीति से देश का भला हो सकता है? नहीं।

# इजराइल-हमास युद्धविराम: आशा की किरण या अस्थायी विराम?



-ललित गर्ग-



गाजा की धरती लम्बे दौर से संघर्ष, हिंसा, विनाश और तबाही की त्रासदी की गवाह रही है, आज फिर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ शांति की एक हल्की किरण दिखाई तो देती है, परंतु उसके चारों ओर धुएँ और राख का अंधकार अब भी विद्यमान है। हाल ही में हुए युद्ध-विराम ने न केवल मध्यपूर्व बल्कि समूचे विश्व को राहत की एक साँस दी है। गाजा में अमन-चैन की ओर जो सुखद कदम बड़े हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। परंतु यह सवाल भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या यह शांति स्थायी होगी, या यह केवल अगली लड़ाई से पहले का ठहराव भर है? समूची दुनिया चाहती है कि यह युद्ध विराम स्थायी हो क्योंकि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यह सब दूसरे चरण की बातचीत पर निर्भर हैं।

यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सबकी निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं? इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा? इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोड़ने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फिलस्तीन देश की राह आसान करनी है। हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फिलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा। ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा।

गाजा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है। इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल, विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक 'आशा की किरण' बनकर उभरा है। यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट्र अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है। फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। यह विराम किसी की 'कूटनीति की जीत' से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है। अंतरराष्ट्रीय दबाव, मानवीय संगठनों की सक्रियता और आम नागरिकों की पुकार ने मिलकर इस विराम को संभव बनाया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह शांति टिके, युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला फैले। क्योंकि जब तक गाजा के लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाएँ- पानी, भोजन, दवा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन नहीं मिलते, तब तक शांति केवल कागजों पर दर्ज रहेगी। वास्तविक शांति केवल तब संभव है जब अन्याय, दमन और असमानता के ढाँचे टूटें। शांति का अर्थ केवल हथियारों का मौन नहीं, बल्कि हृदयों का परिवर्तन है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है कि प्रमुख मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार होंगे। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि गाजा शांति समझौते को सभी मुस्लिम देशों का समर्थन मिला, लेकिन वस्तुस्थिति इससे अलग है। जब यह समझौता सामने आया था, तब उसे समर्थन देने और ट्रंप की प्रशंसा करने वालों में पाकिस्तान भी था, पर अब वह इस समझौते को समर्थन देने से केवल पीछे ही नहीं हट गया, बल्कि उसने अपने यहां ऐसा माहौल बनाया कि उसके विरोध में कट्टरपंथी तत्व सड़क पर उतर आए। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान ने गाजा शांति समझौते को नकारने के लिए ही कट्टरपंथी तत्वों को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया और फिर उन पर गोलियां भी चलवाईं, ताकि दुनिया और विशेष रूप से अमेरिका को यह संदेश जाए कि उसके लिए गाजा शांति समझौते को स्वीकार करना संभव नहीं। यहां अमेरिका को पाक के दोहरे चरित्र को समझ लेना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, अरब लीग और विश्व की सभी बड़ी शक्तियों की जिम्मेदारी है कि वे इस युद्धविराम को केवल घोषणा भर न रहने दें। उसे स्थायी बनाने के लिए एक ठोस मानवीय पुनर्निर्माण योजना तैयार की जाए, जिसमें राजनीतिक समाधान, मानवीय सहायता और संवाद-तीनों को समान महत्व मिले। गाजा के बच्चे जब फिर से स्कूलों में लौटेंगे, जब शरणार्थी अपने घरों में बस सकेंगे, जब भय की जगह भरोसा जन्म लेगा, तभी यह कहा जा सकेगा कि गाजा में शांति आई है। इजरायल को यहां ज्यादा उदारता का परिचय देना होगा, क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह बहुत ताकतवर है। हमास को भी हिंसा से बचना चाहिए। द्वि-राष्ट्रीय व्यवस्था को जमीन पर ठीक से साकार करना हमास का लक्ष्य होना चाहिए। हमास को अपनी छवि सुधारने की चिंता करनी चाहिए, अगर उस पर यकीन किया गया है, तो उसे खरा उतरना होगा। गाजा में किसी भी सूरत में हिंसा की वापसी नहीं होनी चाहिए। आज यह युद्धविराम भले ही 'एक आशा की किरण' बना हो, परंतु उसे स्थायी प्रकाश में बदलना विश्व समुदाय के विवेक, संवेदनशीलता और सतत प्रयास पर निर्भर करता है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोन: 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# सवाल जवाब: मेरे पुत्र और पुत्री मेरी बात नहीं मानते हैं और मनमर्जी करते हैं। बताइए, मैं क्या करूं ?



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

आज की ज्ञान चर्चा में आचार्य सत्यव्रत के सामने एक जिज्ञासु का प्रश्न रखा गया। प्रश्न और उत्तर की शुरुआत इस तरह हुई:-

जिज्ञासु: मेरे पुत्र और पुत्री मेरी बात नहीं मानते हैं और हमेशा अपनी मनमर्जी करते रहते हैं।बताइए मैं क्या करूं? इस स्थिति का क्या समाधान है ?

आचार्य सत्यव्रत: अच्छा! आपके पुत्र और पुत्री की अवस्था कितनी है?

जिज्ञासु: पुत्र लगभग 17 साल का है और पुत्री 11 की है।

आचार्य सत्यव्रत: तो बात नहीं मानने का मतलब? वे किन-किन बातों में आपकी बात नहीं मानते हैं?

जिज्ञासु: सबसे पहले तो वे लोग अपनी पढ़ाई नहीं करते हैं। स्कूल से आने के बाद वे जो बस्ता रख देते हैं, तो दूसरे दिन स्कूल जाने के समय ही उसे उठाते हैं। वे दिनभर या तो मोबाइल पर वीडियो गेम खेलते रहते हैं या इंटरनेट में कुछ देखते रहते हैं।उनके द्वारा घर के कामों में मदद करने का प्रश्न ही नहीं है, बल्कि मैं उन्हें ऐसा कहता ही नहीं हूँ और ऊपर से कोई बात कहने पर वे पलट कर उल्टा जवाब देते हैं।उन्हें सही बात के लिए कहने पर भी वे आक्रोशित हो उठते हैं। आचार्य सत्यव्रत: ये सब समस्या इसलिए बनी है क्योंकि ऐसे कार्य और व्यवहार उनकी दिनचर्या और आदत में शामिल हो गए हैं। मुझे बताइए आप उन बच्चों को दिन भर में कितना समय देते हैं?

जिज्ञासु: मैं तो सुबह से शाम तक अपने काम में व्यस्त रहता हूँ। अतः समय नहीं दे पाता हूं। कभी-कभी उनका हाल-चाल पूछ लिया करता हूँ।

आचार्य सत्यव्रत: और आपकी पत्नी?

जिज्ञासु: वह भी दिन भर गृहस्थी के काम, रसोई घर का प्रबंधन और अन्य घरेलू कार्यों में व्यस्त रहती है। उसके पास भी समय नहीं है, लेकिन हमने बच्चों के लिए ट्यूशन लगा रखा है।

आचार्य सत्यव्रत: क्या आप दोनों ने कभी उनसे पूछा है कि उनके स्कूल में कैसी पढ़ाई हो रही है? उनके मित्र कौन-कौन हैं? शिक्षकों का व्यवहार उनके प्रति कैसा है?

जिज्ञासु: नहीं! हमें तो इसकी आवश्यकता अनुभव नहीं हुई। हम लोग पेरेंट्स टीचर मीटिंग होने पर स्कूल चले ही जाते हैं।

आचार्य सत्यव्रत: वास्तव में बच्चों की ऐसी स्थिति और मानसिकता के लिए उनसे कहीं अधिक दोषी आप दोनों हैं, क्योंकि आप लोगों के पास अपने बच्चों के साथ बैठने के लिए समय ही नहीं है। कम से कम जब वे पढ़ाई करने बैठते हैं, तब उनके साथ बैठ जाया करिए और अपना कोई काम किया करिए और कोशिश करिए कि उस समय अपने मोबाइल का उपयोग न करें। बच्चा आपसे सीखना है। बच्चा बहुत सी बातें आपसे साझा करना चाहता है, लेकिन आपके पास समय ही नहीं है, सुनने का; तो वह अपनी बातें आपसे कैसे कहेगा? ऐसी चीजें जारी रहने से बच्चों का व्यवहार धीरे-धीरे असामान्य हो जाता है और केवल यही नहीं, बल्कि वे पारिवारिक संबंधों का महत्व भी भूलने लगते हैं। यह स्थिति खतरनाक है। अपने व्यस्त कार्यों से भी समय निकालकर अपने बच्चों को थोड़ा समय अवश्य दीजिए। यही इसका समाधान है और इससे बात आगे बढ़ेगी।

(सवाल और जवाब केवल सुझाव के रूप में हैं। हर परिस्थिति में और हर व्यक्ति के लिए ये समान रूप से लागू हों, यह आवश्यक नहीं है।)




गुरुग्राम: अपने 41वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान खोजी कुत्ते के साथ ( बाएं ) तथा ( दाएं ) हैलीकॉप्टर से उतरकर कौशल का प्रदर्शन करते एन.एस.जी. कमांडो।

## सामयिक चर्चा

### ट्रम्प के स्टाइलिश बाल पर

अखबार उठाकर
बानी बोले - सुनिए गजाधर !
आज की मजेदार खबर -
अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प
टाइम मेगजीन के कवर पेज पर
अपनी खराब फोटो देखकर
जोरदार भड़के और
उन्होंने फोटो को लेकर
मेगजीन की तीखी आलोचना की।
कहा-कवर पिक में
उनके बाल गायब नजर आ रहे हैं।
अब गजाधर! इस पर आप
हमें क्या बताने जा रहे हैं।
गजाधर मुस्कराए, बोले -
''बानी! उनके स्टाइलिस बाल को लेकर
उनकी तरह-तरह की हॅसी उड़ाई गई।
कार्टूनिस्टों द्वारा तरह-तरह की
तस्वीर बनाई गई।
जो टाइम मेगजीन को अच्छा न लगा
तो उन्होंने उनके आसमान की ओर देखते
चेहरे को ऐसे आकर्षक पोज में लिया
जिससे उनके माथे के सामने
के बेढंगे बाल नजर आए।
और लोगों को डोनाल्ड ट्रम्प
एक विश्व चिन्तक नजर आए ।
पर अफसोस! हमेशा
यूटर्न लेने वाले ट्रम्प को ऐसा
आकर्षक चित्र पसंद न आए
हो सकता है, बाद में पसंद आए।''



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### // मायका //

अपने दरवाजे पर खड़ी श्वेता ने अपनी पड़ोसन अनामिका को देख लिया। हँसमुख मिजाज वाली अनामिका आज नई साड़ी पहनी हुई थी। नाक की लौंग और कान की बालियाँ बड़ी खूबसूरत लग रही थी। बार-बार अपनी साड़ी का पल्लू सँवारने में लगी थी। श्वेता ने पूछा- 'अन्नू भाभी! क्या बात है? कहीं जाने की तैयारी है क्या?'

श्वेता की बातें सुन कर अनामिका हँसते हुए बोली-'हाँ श्वेता, आज मायके जा रही हूँ। बहुत दिनों से मन कर रहा है।'

'वाह भाभी! अभी-अभी तो गयी थी क्या? अक्सर जाती ही रहती हो। ऐसा मत बोलो भाभी।' श्वेता बोली।

'मायके जाना अच्छा लगता है। तुम्हारी भी शादी होगी तब तुम्हें पता चलेगा श्वेता।' अनामिका हँस ही रही थी।

'पर मुझे लगता है अन्नू भाभी, कि माँ के रहते मायका मायके जैसे लगता होगा। शायद आपके बाबूजी भी तो...?' श्वेता बोलते-बोलते रुक गयी।



'हाँ श्वेता, तुम सही कह रही हो। पर माँ-बाबू जी नहीं हैं तो क्या हुआ, माँ की भूमि तो है। मेरी मातृभूमि तो है। जननि जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।' अनामिका ने श्वेता को कुछ और बोलने का अवसर ही नहीं दिया।

टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

## राशिफल

**मेष**
आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे और आज कुछ अलग कर सकते हैं। हालांकि आपके खर्चे बढ़ेंगे, लेकिन आपकी इनकम में भी वृद्धि होगी। माता-पिता की सेहत में सुधार होगा। ऑफिस में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष राशि**
आज आपके जीवन में कई खुशनुमा पल आएंगे। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। इमोशनल रूप से आप परेशान हो सकते हैं, जीवनसाथी के साथ समय बिताएं। अटके हुए काम पूर्ण हो सकते हैं। व्यावसायिक सफलता मिल सकती है।

**मिथुन**
आज आपको अपने मूड में बदलाव करने की जरूरत है। किसी करीबी व्यक्ति के साथ वाद-विवाद हो सकता है, इसलिए शांत रहें। रोमांस रोमांचक रहेगा। शादीशुदा जातक ऑफिस रोमांस से बचें, वरना रंगे हाथ पकड़े जा सकते हैं। आप आज अपने जीवनसाथी के साथ अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन बिताएंगे।

**कर्क**
आज आपको धन कमाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है लेकिन शाम तक सब अच्छा हो जाएगा। ऑफिस में आपको अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का मौका मिलेगा। यात्रा में लाभ हो सकता है। कार्यस्थल पर किसी सीनियर का सहयोग आपको महत्वपूर्ण टास्क में सफलता दिला सकता है।

**सिंह**
आज आपको धन कमाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है लेकिन शाम तक सब अच्छा हो जाएगा। ऑफिस में आपको अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का मौका मिलेगा। यात्रा में लाभ हो सकता है। कार्यस्थल पर किसी सीनियर का सहयोग आपको महत्वपूर्ण टास्क में सफलता दिला सकता है।

**कन्या**
आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। धन के मामले में सतर्कता बरतने की जरूरत है। आज कोई करीबी आपसे उधार मांग सकता है, जिससे आपको आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ सकता है। यात्रा को फिलहाल के लिए टाल दें। जीवनसाथी के साथ एक शानदार दिन गुजारेंगे। व्यापारिक स्थिति अच्छी होगी।

**तुला**
आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपकी करियर में उन्नति हो सकती है। परिवार की समस्याओं को सुलझाने के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आप अपने लक्ष्यों की ओर शांति से आगे बढ़ेंगे और सफलता हासिल करेंगे। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज आपको मानसिक परेशानी से छुटकारा मिलेगा। निवेश से दूर रहें। प्यार में निराशा आपको परेशान नहीं करेगी। आज खर्चों के कारण आपके जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते में खटास आ सकती है। आर्थिक बजट बनाकर चलें, वरना भविष्य में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
आज आपको अपनी पर्सनल व प्रोफेशनल परेशानियों का समाधान मिलेगा। आप बचत करना शुरू कर सकते हैं, जिससे भविष्य में आर्थिक स्थिरता प्राप्त होगी। ऑफिस में अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।

**मकर**
आज आपको परिवार के साथ समय बिताकर अपने मूड में बदलाव करने की जरूरत है। सिंगल जातकों का सामना किसी सच्चे इंसान से हो सकता है। अपनों का साथ मिलेगा। जीवन में सुख-समृद्धि के आने से मन प्रसन्न रहेगा। कार्यस्थल पर परिणाम आपके मुनमुताबिक रहेंगे।

**कुंभ**
आज ऑफिस में आपकी ग्रोथ में अड़चनें आ सकती हैं। आपको अपने धन निवेश और बचत के बारे में अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की जरूरत है। किसी भी तरह की जल्दबाजी से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ एक यादगार शाम बिताएंगे। व्यापार में मुनाफा होगा। नौकरी करने वाले जातकों को अच्छे अवसरों की प्राप्ति हो सकती है। आज विद्यार्थियों को परीक्षा के डर को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए, आपकी कोशिशें जरूर सकारात्मक परिणाम देंगी।

# मृतक के परिजन को उचित मुआवजा दिलाने आदिवासी समाज आगे आया

- अभा आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा ओडारबांध द्वारा कलेक्टर के नाम एसडीएम को दिया गया ज्ञापन
- ट्रस्ट समिति पर एफआईआर और मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख मुआवजा की मांग
- मामला- पहाड़ी पर स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर के ज्योति कक्ष में सेवारत युवक की आकस्मिक मौत का




डोंगरगढ़(दावा)। ऊपर बमलाई मंदिर में ज्योति कक्ष में सेवारत स्व.शीतल मंडावी के परिवार को उचित न्याय और मुआवजा दिलाने जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ को सामाजिकगणों द्वारा ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर मृतक के छोटे-छोटे बच्चे व परिजनों सहित दूर दराज से आए समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि, डोंगरगढ़ दाई बमलाई ऊपर मंदिर के ज्योति कक्ष में काम कर रहें, आदिवासी (गोंड) युवक शीतल मंडावी पिता कृष्णा मंडावी उम्र 38 वर्ष ग्राम घोटिया निवासी युवक का 30 सितंबर रात्रि को संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई थी। रात्रि लगभग 12 बजे शीतल मंडावी की तबियत खराब होने के बाद कार्यरत चिकित्सक के पास प्राथमिक उपचार के लिए ले जाता है। जहां पर किसी भी प्रकार से समुचित स्वास्थ्य सुविधा एवम उपचार नहीं होने के कारण शीतल मंडावी रात्रि 2:30 बजे तक तड़पता रहता है। फिर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ ईलाज रेफर कर देते है। रोपवे उपलब्ध होने के बावजूद भी शीतल मंडावी को रोपवे से नीचे लाने के बजाय स्ट्रेचर में लिटाकर लगभग 1200 सीढ़ी से नीचे लाया जाता है। जब तक काफी समय हो चुका होता है और स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले ही शीतल मंडावी की मृत्यु हो जाती है। समय पर स्वास्थ्य सुविधा और रोपवे से नीचे लाकर अस्पताल लाया जाता तो शीतल मंडावी की मृत्यु नही होती। ट्रस्ट की इस असंवेदनशीलता रवैया, घोर लापरवाही के कारण ही शीतल मंडावी की मृत्यु हुई है जिसके लिए सम्पूर्ण जिम्मेदार ट्रस्ट है।

### ट्रस्ट समिति पर एफआईआर और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा की मांग

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि, पीड़ित परिवार को उचित न्याय मुहैया कराने हेतु पीड़ित परिवार को 25 लाख रूपये का मुवावजा दिया जाए। मृतक के दोनों नाबालिक बच्चों को कक्षा 12 वी.तक शिक्षा-स्वास्थ्य एवम आवासीय सुविधा निःशुल्क दिया जाए। मृतक की पत्नी को ट्रस्ट द्वारा प्रति माह 5000 पेंशन की सुविधा उपलब्ध किया जाय। ट्रस्ट के ऊपर शीतल मंडावी के मृत्यु का मामला दर्ज किया जाए। जिलाधीश से निवेदन किया गया है कि, उपरोक्त बिंदुओं पर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

# प्राथमिक शाला दाऊचौरा में जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला





खैरागढ़ (दावा)। स्वस्थ जीवनशैली और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्राथमिक शाला दाऊचौरा में जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी एवं यूनानी तंत्रों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निःशुल्क जांच, परामर्श और औषधि वितरण किया गया। जिले के अनुभवी आयुष चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने आमजन को बीमारियों से बचाव और जीवनशैली सुधार के उपाय बताए।

### कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही स्कूली बच्चों की योग प्रस्तुति

प्राथमिक शाला के बच्चों की योग प्रस्तुति जिसने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने योगासन के माध्यम से 'स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज' का संदेश दिया।

### ये जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

मेले में नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, वार्ड पार्षद विनय देवांगन, देवीन कमलेश कोठले, पुष्पा सिंदूर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 'आयुष चिकित्सा पद्धति न केवल उपचार का माध्यम है, बल्कि जीवन को संतुलित और निरोग बनाए रखने का मार्ग भी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जन-स्वास्थ्य जागरूकता और सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

## पहला कॉलम...

### आयुर्वेद थीम पर संगोष्ठी का आयोजन




डोंगरगढ़ (दावा)। रजत महोत्सव 2025 अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम पर आयुष स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर डोंगरगढ़ द्वारा एवं मानसिक स्वास्थ्य पर शासकीय होम्योपैथी औषधालय डोंगरगढ़ द्वारा आज शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शोबी खान द्वारा युवाओं के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी आयुर्वेदिक, पंचकर्म चिकित्सा एवं योग पर व्याख्यान दिया गया। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कलचुरी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होम्योपैथिक औषधि के बारे में विचार प्रस्तुत किए गए। योग विभाग से योग शिक्षिका मंजू धनकर द्वारा तनाव मुक्ति के लिए ध्यान प्राणायाम सेशन गतिविधि भी करवाई गई। प्राचार्या ई रेवती महोदया द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए आयुष चिकित्सा पद्धतियों के महत्व को समझाया।

### नारी शक्ति को सम्मान, स्वस्थ बचपन जीवन का आधार - विधायक हर्षिता स्वामी बघेल

**लक्षणाटोला में आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन**




डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने मंगलवार को वनांचल ग्राम लक्षणा टोला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामवासियों को नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की सौगात दी। इस अवसर पर 'नारी सम्मान' कार्यक्रम के साथ-साथ गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं छोटे बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार का भी आयोजन किया गया।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने लक्षणा टोला के निवासियों को नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की बधाई देते हुए कहा कि यह केंद्र क्षेत्र की माताओं और बच्चों के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान, विधायक ने 'नारी सम्मान' पहल के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण पर ज़ोर दिया और उन्हें समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गर्भावस्था के महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर चुकी महिलाओं की पारंपरिक रीति-रिवाज से गोद भराई की रस्म अदा की गई, जिससे उन्हें स्वस्थ मातृत्व और पोषण का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त, छह माह की आयु पूरी कर चुके शिशुओं को पहला ठोस आहार खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। विधायक ने माताओं को बच्चों के सही पोषण और स्वास्थ्य देखभाल के महत्व के बारे में जानकारी दी।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और शिक्षित समाज की नींव है। उन्होंने सभी से योजनाओं का लाभ उठाने और बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कमलेश वर्मा, भीखम सिन्हा, रंजना श्रीवास्तव परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास भीखम सिन्हा कमलेश वर्मा, सरपंच ललतू नेताम, उपसरपंच दिनेश मरकाम, हरेश्वर मडवी, सेक्टर प्रभारी परमानंद बूथ अध्यक्ष जगदीश बूथ अध्यक्ष समारु ग्राम पटेल चंद्रेश यदु कार्यकर्ता महेंद्र वर्मा कार्यकर्ता नंदकुमार जनपद सदस्य सीताराम वर्मा कार्यकर्ता लता नेताम, पंच कांति मडवी, पंच राजकुमारी, सेक्टर गातापार पर्यवेक्षक श्रीमती बीरा उसारे, सेक्टर मुढ़ीपार पर्यवेक्षक श्रीमती सरोजनी मिंज, सेक्टर जालबांधा व ठेलकाडीह पर्यवेक्षक श्रीमती श्याम कुमारी डोंगरे, सेक्टर खैरागढ़ ग्रामीण पर्यवेक्षक श्रीमती तपस्विनी प्रधान सेक्टर भुलाटोला पर्यवेक्षक सुश्री मनीषा साहू सेक्टर देवरी पर्यवेक्षक सुश्री पल्लवी मंडावी एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहे।

# तहसील साहू संघ डोंगरगांव के चुनाव में शिवराम साहू अध्यक्ष निर्वाचित



- गणेश साहू उपाध्यक्ष तथा कोमल संगठन सचिव निर्वाचित
- शांति पूर्ण से चुनाव सम्पन्न हुआ

डोंगरगांव (दावा)। तहसील साहू संघ डोंगरगांव का प्रतिष्ठापूर्ण का चुनाव शांति पूर्ण संपन्न हुआ। इसमें तीन पदों के लिए प्रत्यक्ष मतदान हुआ। नगर और तहसील श्रेत्र में पहले से चर्चा का दौर चला, फिर तहसील साहू संघ डोंगरगांव चुनाव में शिवराम साहू चिचदो निवासी को तहसील के नये अध्यक्ष चुने गये। सीधे मुकाबले में उन्होंने निवृतमान अध्यक्ष हेमंत साहू बोदेला निवासी को 32 मतों से पराजित किया। वहीं त्रिकोणीय मुकाबले में गणेशराम साहू पूर्व मंडी अध्यक्ष को उपाध्यक्ष तथा नगर के युवा पार्षद कोमल साहू को संगठन सचिव चुने गये।

प्रदेश साहू संघ तथा जिला साहू संघ के निर्देश पर आयोजित तहसील साहू संघ का चुनाव आज स्थानीय कर्मा भवन में आयोजित किया गया था। संघ के चुनाव में कुल 889 मतदाताओं में से 753 ने अपने मतों का उपयोग किया। अध्यक्ष पद हेतु निवृतमान अध्यक्ष हेमंत साहू तथा शिवराम साहू के बीच सीधा मुकाबला हुआ। देर शाम घोषित परिणाम अनुसार शिवराम को 389 तथा हेमंत साहू को 357 मत मिले, सात मत निरस्त हुए। इस प्रकार सीधे मुकाबले में शिवराम ने हेमंत को 32 मतों के अंतर से परास्त किया।

तहसील उपाध्यक्ष (पुरूष) पद हेतु पूर्व मंडी अध्यक्ष गणेशराम साहू, और मटिया के पार्षद पुरूषोत्तम साहू तथा बिसनाथ साहू चुनाव मैदान में थे। इनमें से गणेशराम साहू को 399, पुरूषोत्तम को 233 तथा बिसनाथ को 81 मत मिले, 40 मत अवैध घोषित किये गए। इस प्रकार गणेशराम साहू सर्वाधिक 166 मतों के अंतर से उपाध्यक्ष चुने गए। संगठन सचिव पद हेतु नगर के युवा पार्षद कोमल साहू, छन्नूलाल साहू तथा मोहनीश साहू चुनाव मैदान में थे। इनमें युवा पार्षद कोमल साहू को 343, छन्नूलाल को 101 तथा मोहनीश को 269 मत मिले। इसमें भी 40 मत अवैध घोषित किये गये। इस प्रकार कोमल साहू 74 मतों के अंतर से संगठन सचिव चुने गये।

चुनाव के बाद प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, चुनाव पर्यवेक्षक विजय साहू, चुनाव अधिकारी कुलेश्वर साहू, जिला महामंत्री नीलमणी साहू पूर्व जिला अध्यक्ष कमलकिशोर साहू, जिला संगठन सचिव माधव साहू, नीरा साहू, राघवेंद्र साहू,मिलाप दास साहू, शैलेंद्र साहू, अमरनाथ साहू सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपते हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

### समाज में एकता और संस्कार लाना जरूरी है डॉ. नीरेंद्र साहू

प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा तहसील साहू संघ डोंगरगांव चुनाव शांति पूर्ण रूप परिणाम आया कोई भी चुनाव हो वह एक प्रतियोगिता है। समाज को एकजुटता, एकता और संस्कार लाना अति आवश्यक है। आज समाज की दिशा और दशा बहुत ही बदल गया है। समाज में महिला जागृति लाना भी जरूरी है।

# राज्यपाल रमेन डेका के गोद ग्राम से शैक्षणिक भ्रमण हेतु पहुचे बच्चों को



खैरागढ़ (दावा)। राज्यपाल रमेन डेका के गोदग्राम सोनपुरी के प्राथमिक शाला के बच्चें सोमवार को इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ शैक्षणिक भ्रमण करने पहुंचे। इस दौरान कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने बच्चों को संगीत की शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया। नन्हें बच्चों ने कुलपति प्रो.(डॉ) लवली शर्मा को राज्यगीत सहित जस-पचरा गाकर सुनाया। कुलपति प्रो.(डॉ) लवली शर्मा ने सभी बच्चों को अपनी रुचि अनुसार संगीत, नृत्य, वादन एवं विभिन्न कलाओं की शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इसी तरह शनिवार को बेमेतरा जिले के ग्राम भटगांव से विश्वविद्यालय का भ्रमण करने पहुंची कक्षा 12वीं की छात्राओं को भी कुलपति प्रो.(डॉ) लवली शर्मा ने संगीत शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें संगीत एवं कला की शिक्षा लेने हेतु प्रेरित किया। छात्राओं ने भी संगीत एवं कला की शिक्षा लेने हेतु अपनी इच्छा जाहिर की और विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर पढ़ाई करने की बात कही। भारतीय संस्कृति एवं संगीत-कला को आगे बढ़ाने कुलपति प्रो.(डॉ)लवली शर्मा निरंतर प्रयासरत हैं, अधिक से अधिक बच्चें इसकी शिक्षा ले सके, इसके लिए लगातार स्कूली बच्चों को प्रेरित कर रही हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर शहर भाजपा मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सबसे पहले स्थानीय महावीर तालाब में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर तालाब की साफ-सफाई की गई। इसी कड़ी में नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करके विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के दीर्घायु की कामना की गई। वही स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, द्वारका प्रसाद शर्मा, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना, महामंत्री विनीत यादव, विनय बंसल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, नगर पालिका सभापती अमित जैन, रेखा राजेश राघौते, सुमित ताम्रकार, देवेंद्र साखरे, प्रीति चमन समुदे, डी यकेस राव, हरीश मोटघरे, अलका जयेश सहारे, सरफराज नवाज, कैलाश सोनवानी, लक्ष्मी यादव, पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार, शारदा यादव, रतन कोसे, अनीश निर्मलकर, मुकुंद कडरा, ललित शर्मा ओम प्रकाश साखरे, अजय शर्मा, महेश सहारे, आवेश निगम, शुभम परिहार, सावन टेंबुरकर, अमरावती शाह, सुलभा सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस पर आदर्श ग्राम सुरगी मे ग्रामीणों ने लिया स्वच्छता का संकल्प




राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 के तहत आदर्श ग्राम सुरगी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों ने मिलकर गांव के तालाब पचरी एवं सार्वजनिक स्थलों पर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की।

कार्यक्रम में सरपंच सुग्रीव साहू, पंचायत सचिव जामवतींन चंदेल, उपसरपंच युवराज साहू एवं पंचगणों की उपस्थिति रही। स्वच्छता अभियान के बाद उपस्थित लोगों को हाथ धुलाई के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई तथा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने डॉ. रमन सिंह के प्रति शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह निरंतर जन-आंदोलन होना चाहिए। सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे गांव एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखें और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाएं। शपथ ग्रहण के मौके पर सुग्रीव साहू सरपंच, श्रीमती जावंतीन चंदेल सचिव, युवराज साहू उपसरपंच, महेश दिवाकर पंच, भुवनेश्वरी देवदास पंच, कु. वेदिका, पुष्पा, बसंती, उत्तरा, हुलसीबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टूमीन बाई मितानिन प्रेरक, भारती साहू, कमलेश्वरी मितानिन, गैंदलाल, रूपेंद्र चतुर्वेदी पंचायत ऑपरेटर एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नगर में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का हुआ स्वागत**



*डोंगरगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष तथा विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर में शस्त्रपूजन और पथ संचलन का कार्यक्रम साकेत धाम परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि वरिष्ठ स्वयंसेवक साधुराम पटेल रहे। वहीं मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा की गरिमामय उपस्थिति थी। इस वृहद पथ संचलन में शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक उपरांत संचलन निकाला गया। जो आयोजन स्थल साकेत धाम परिसर से प्रारंभ होकर बोधिटोला, बौद्ध विहार, सिनेमा लाइन, चौकी रोड, सेवताटोला, जैतखंभ तिराहा, सदर लाइन, सब्जी बाजार, पुराना बस स्टैंड, श्रीराम द्वार चौक से होते हुए वापस साकेत धाम परिसर पहुंची. यहां प्रार्थना उपरांत सभा विसर्जित हुई. संचलन के दौरान नगर के अनेक स्थानों पर मातृशक्तियों एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागतवंदन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार एकत्रीकरण उपरांत वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री शर्मा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना, उद्देश्य तथा सौ वर्षों के सेवाकाल के प्रमुख प्रसंगों को बताते हुए आगामी पंच परिवर्तन के कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया। जिसमें प्रमुख रूप से सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता एवं नागरिक कर्तव्य पर संघ के कार्य एवं स्वयंसेवकों सहित नागरिकों के कर्तव्यों को राष्ट्र हित के लिए महत्वपूर्ण योगदान बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा चुनौतियों और झंझावातों से भरी रही है लेकिन संघ ने हमेशा अपने मूल्यों और लक्ष्यों को कायम रखा है। वहीं अब संघ के शतकीय वर्ष की यात्रा में संघ अपने पंचपरिवर्तन के लक्ष्यों के साथ समाज को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर खंड संघ चालक दिग्विजय शांडिल्य, विभाग प्रचार प्रमुख रेवादास मानिकपुरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख अलखराम साहू, जिला प्रचार प्रमुख प्रेम गोस्वामी, जिला भाजपा महामंत्री डिकेस साहू, खंड कार्यवाह भजनलाल साहू, राष्ट्र सेविका समिति की कार्यवाहिका सीता गुप्ता, मिताली दीदी, भुवन साहू, दयानंद सेन, प्रवेश ठाकुर, सतीष पांडे, पार्षदगण राजा जैन, दुर्गेश रामटेके, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहे।*

# रेड रिबन क्लब ने चलाया एचआईवी/एड्स जागरुकता अभियान

**घर-घर जाकर दी जानकारी, भ्रांतियों को किया दूर**




अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी में प्राचार्य डॉ. के.आर. मंडावी के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत महाविद्यालय के गोद ग्राम कान्हे में क्लब के सदस्य छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को एचआईवी/एड्स के संक्रमण के चार मुख्य कारणों, इससे बचाव के उपायों और इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बताया कि एक साथ खाना खाने, बैठने या सामान्य संपर्क से यह बीमारी नहीं फैलती, बल्कि जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि एचआईवी/एड्स से पीड़ित मरीजों के साथ भेदभाव न करें, बल्कि उनके मनोबल को बढ़ाने और समाज में सम्मानपूर्वक जीने में सहयोग करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक जे.आर.परतेती, रेडक्रॉस प्रभारी पंकज कुमार, सहायक प्राध्यापक चंद्रेश (वनस्पति शास्त्र) एवं गोलू साहू (जे.बी.एस. अतिथि व्याख्याता) का विशेष योगदान रहा। ग्रामवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

# पहला कॉलम...

## श्रीलंका पीएम की आज से तीन दिवसीय भारत दौरे पर ; दिल्ली से है पुराना नाता

नई दिल्ली। श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी आमरसूरिया 16 से 18 अक्टूबर 2025 तक भारत की यात्रा पर रहेंगी. यह उनके पदभार ग्रहण करने के बाद भारत की पहली यात्रा होगी. यात्रा के दौरान वे दोनों सरकारों के स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेंगी. वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली और नीति आयोग का भी दौरा करेंगी, जहां शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की जाएगी. इसके अतिरिक्त, वह दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए एक व्यावसायिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी. दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की पूर्व छात्रा होने के नाते प्रधानमंत्री आमरसूरिया अपने शिक्षण संस्थान का भी भ्रमण करेंगी. वहीं, श्रीलंका की प्रधानमंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र संघ के कार्यक्रम में शामिल होंगी. इसके अलावा वह देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने के लिए एक व्यावसायिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और श्रीलंका के बीच नियमित उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है जिससे गहरे और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाया जाता है. यह भारत की च्महासागरज् विजन और इसकी च्पड़ोसी प्रथमज् नीति द्वारा मजबूत मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगा.

## गिरावट पर लगा ब्रेक... आज शेयर बाजार में बमबम, ये 10 स्टॉक बने रॉकेट

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 100त्न टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद से S-China के बढ़ी ट्रेड टेंशन का असर भारतीय बाजार पर भी दिखा था. सेंसेक्स-निफ्टी में बीते दो कारोबारी दिनों से लगातार गिरावट का सिलसिला देखने को मिल रहा था, लेकिन बुधवार को इस पर ब्रेक लगा नजर आया. मार्केट ओपन होने के साथ ही एक ओर जहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला Sense3 300 अंक से ज्यादा की छलांग लगा गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का Nift4 भी 100 अंक से ज्यादा की तेजी लेकर कारोबार करता दिखा. इस बीच खास बात ये है कि डिमर्जर के बाद टाटा मोटर्स के शेयर लार्जकैप कैटेगरी में सबसे तेज भागते नजर आए. शेयर मार्केट में सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को बीएसई का सेंसेक्स इंडेक्स अपने पिछले बंद 82,029.98 की तुलना में उछलकर 82,197.25 के लेवल पर ओपन हुआ और कुछ ही देर में ये तेज रफ्तार पकड़ते हुए 82,384 पर ट्रेड करता हुआ नजर आने लगा. इसके अलावा एनएसई का निफ्टी इंडेक्स भी सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर चलता दिखा. ये अपने पिछले कारोबारी बंद 25,145 की तुलना में चढ़कर 25,181.95 पर ओपन हुआ और फिर 25,257.25 तक उछल गया.

## अफगानिस्तान में फिर एयर स्ट्राइक, 12 तालिबानी लड़ाके ढेर

नई दिल्ली। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की जंग और भीषण हो गई है. अलसुबह करीब 4 बजे अफगानिस्तान और पाकिस्तान सीमा पर स्पिन बोल्डक में दोनों देशों के सैनिकों में खूनी टकराव हुआ, जिसमें 12 तालिबानी लड़ाके मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए. पाकिस्तानी सेना ने अफगान पोस्ट पर अचानक हमला किया और कई टैंक ध्वस्त कर दिए. कुर्रम जिले के खैबर पख्तूनख्वा में भी सैन्य टकराव हुआ. स्पिन बोल्डक और कुर्रम में अफगान सैनिकों ने गोलीबारी की तो पाकिस्तान की सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पूरी ताकत से पलटवार किया. मिली जानकारी के अनुसार, दोनों देशों की सेना ने एक दूसरे के सैनिकों को मार गिराने, हथियार जब्त करने, चौकियों पर कब्जा करने और टैंक नष्ट करने का दावा किया है, जबकि 2 दिन पहले सऊदी अरब और कतर के दखल के बाद टकराव खत्म हुआ था, जो फिर छिड़ गया है.

## रोनाल्डो ने वर्ल्ड कप क्वालीफाइंग में नया रिकॉर्ड बनाया

नई दिल्ली। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने वर्ल्ड कप क्वालिफायर में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने क्वालिफाइंग मैचों में सबसे ज़्यादा गोल करके इतिहास रच दिया है। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो (40 साल) ने हंगरी के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर के 22वें और 45वें+3वें मिनट में गोल किए। इस मैच में दो गोल के साथ, रोनाल्डो ने वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग मैचों में सबसे ज़्यादा गोल (41) करने का रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि, हंगरी ने स्टॉपेज टाइम में गोल करके मैच 2-2 से बराबर कर दिया। इस मैच में पुर्तगाल के पास 66 परसेंट बॉल पज़ेशन रहा। रोनाल्डो इंटरनेशनल मैचों में 143 गोल और कुल 948 गोल के साथ लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं।

# पाकिस्तान ने टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला जीतकर, अंक तालिका में किया बदलाव



नई दिल्ली। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को लगातार दो टेस्ट मैचों में हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अच्छे खास पीसीटी हासिल किए थे, इसके बाद अब पाकिस्तानी टीम ने भी बाजी मार ली है। पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला अपने नाम कर लिया है। इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में बदलाव देखने के लिए मिल रहा है। जहां एक ओर इसमें पाकिस्तान की एंट्री हो गई है, वहीं भारतीय टीम को हल्का सा नुकसान उठाना पड़ा है।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में फिर से बदलाव हो गया है। इस वक्त डब्ल्यूटीसी चैंपियन साउथ अफ्रीका को हराकर पाकिस्तान ने सभी को हैरान कर दिया है। वैसे अगर पहले नंबर की टीम की बात की जाए तो इस वक्त वहां पर ऑस्ट्रेलिया का कब्जा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 3 मैच खेलकर तीनों जीत लिए हैं। इस टीम के पास अभी 36 अंक हैं और उसका पीसीटी 100 का है। पाकिस्तानी टीम ने अभी अभी नए चक्र का आगाज किया है और पहला ही मुकाबला साउथ अफ्रीका से जीत लिया है। इससे टीम के पास अभी 12 अंक हो गए हैं और उसका भी पीसीटी 100 का है। यानी पाकिस्तानी टीम अब सीधे दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। श्रीलंका की टीम जो इससे पहले तक दूसरे नंबर पर थी, उसे अब खिसक कर तीसरे नंबर पर आना पड़ा है। श्रीलंका ने दो मैच खेलकर एक मुकाबला जीता है और दूसरा ड्रॉ रहा है। श्रीलंका के पास 16 अंक हैं और उसका पीसीटी 66.67 का चल रहा है।

इस बीच भारतीय टीम को हल्का सा नुकसान हुआ है। टीम इंडिया अब तीसरे से चौथे नंबर पर चली गई है। भारतीय टीम ने अब तक सात टेस्ट मैच इस चक्र में खेलकर चार जीते हैं और दो में उसे हार का मुंह देखना पड़ा है। एक मैच ड्रॉ रहा है। भारतीय टीम के पास इस वक्त 52 अंक हैं और 61.90 का पीसीटी है।

# आईसीसी रैंकिंग में अफगानिस्तान के 2 खिलाड़ी बने नंबर-1



नई दिल्ली। आईसीसी की ओर से ताजा ओडीआई रैंकिंग जारी कर दी गई है। आईसीसी रैंकिंग में 15 अक्टूबर का दिन अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए ऐतिहासिक बन गया है क्योंकि टीम के दो स्टार खिलाड़ियों ने नंबर-1 का ताज हासिल कर लिया है।

ओडीआई सीरीज में बांग्लादेश का 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद अफगानिस्तान टीम के कई खिलाड़ियों की आईसीसी रैंकिंग में लॉटरी खुल गई है।

राशिद खान एक बार फिर दुनिया के नंबर-1 ओडीआई गेंदबाज बन गए हैं, जबकि उमरजई ने ओडीआई ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इब्राहिम जादरान ने भी लंबी छलांग लगाई है। बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 की सीरीज जीत में राशिद खान का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा। उन्होंने तीन मैचों में कुल 11 विकेट झटके और इसी दम पर साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को पछाड़ते हुए एक बार फिर दुनिया के नंबर-1 ओडीआई गेंदबाज बन गए।

# वर्ल्ड कप से बाहर होने की कगार पर टीम इंडिया को लगा बड़ा, आईसीसी ने की बड़ी कार्रवाई




नई दिल्ली। वनडे वर्ल्ड कप 2025 के बीच भारतीय महिला टीम को एक बड़ा झटका लगा है। इस वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने अपना पिछला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उस मैच में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 331 रन का टारगेट रखा था। इसके बावजूद भारत को वहां 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद अब ढ्ढष्टष्ट ने टीम इंडिया पर उस मैच में स्लो ओवर रेट की वजह से फाइन लगाया है। भारतीय टीम के खिलाड़ियों पर मैच फीस का 5 प्रतिशत फाइन लगाया गया है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भारतीय टीम तय समयसीमा से एक ओवर पीछे चल रही थी। टीम इंडिया पर यह जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल के मैच रेफरी के मिचेल पेरेरा ने लगाया। आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार ढ्ढष्टष्ट ने टीम इंडिया के खिलाड़ियो पर यह जुर्माना लगाया गया है। आपको बता दें कि यह धारा स्लो ओवर-रेट अपराधों से जुड़ा हुआ है। खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर एक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपराध स्वीकार कर लिया है इस वजह से इसको लेकर कोई औपचारिक सुनवाई नहीं हुई।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए मैच की बात करें तो उस मैच में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की अर्धशतकीय पारी के बदौलत 48.5 ओवर में 330 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस टारगेट को 49 ओवर में हासिल कर लिया था। उस मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान एलिसा हीली ने शानदार शतक लगाया था।

# सीरीज से पहले रोहित और कोहली को करारा झटका, शुभमन? गिल की कुर्सी पर भी मंडराया खतरा




नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जल्द ही सीरीज शुरू होने वाली है। सीरीज का पहला मुकाबला 19 अक्टूबर दिन रविवार को खेला जाएगा, लेकिन इससे पहले ही विराट कोहली और रोहित शर्मा को एक करारा झटका लगा है। यहां तक कि शुभमन गिल की भी पहले नंबर की कुर्सी पर खतरा मंडराता हुआ दिख रहा है।

वैसे तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी, लेकिन इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा और क्रेज वनडे का है, वो इसलिए क्योंकि इसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा खेलते हुए नजर आएंगे। बुधवार को जब आईसीसी ने अपनी नई रैंकिंग जारी की तो उसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली को नुकसान होते हुए दिख रहा है। इससे पहले तक पूर्व भारतीय कप्तान ?रोहित शर्मा आईसीसी की वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हुआ करते थे, लेकिन अब वे तीसरे नंबर पर चले गए हैं। इतना ही नहीं, विराट कोहली को भी एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है। वे अब नंबर 5 पर चले गए हैं। इस बीच अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने लंबी छलांग मारी है। वे सीधे दूसरे नंबर पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं।

आईसीसी की ओर से जारी की गई वनडे की नई रैंकिंग में भारतीय कप्तान शुभमन गिल पहले नंबर पर बने हुए हैं। गिल की रेटिंग इस वक्त 784 की चल रही है। आठ स्थानों की छलांग लगाकर सीधे नंबर 2 पर पहुंचने वाले इब्राहिम जादरान की रेटिंग अब 764 की हो गई है। जादरान ने न केवल ?रोहित और विराट को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि वे शुभमन गिल के भी काफी करीब पहुंच गए हैं। गिल और जादरान की रेटिंग में केवल 20 अंकों का ही अंतर है, जो बहुत जल्द खत्म हो सकता है।

इब्राहिम जादरान की छलांग से न केवल विराट कोहली और रोहित शर्मा को नुकसान हुआ है।

# चांदी की कीमतें 52.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंची

मुंबई । चांदी की कीमतें मंगलवार को 52.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। लंदन में ऐतिहासिक शॉर्ट स्क्वीज और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की मजबूत मांग के कारण चांदी की कीमत में वृद्धि दर्ज की गई।

लंदन में हाजिर चांदी 0.4 प्रतिशत बढ़कर 52.58 डॉलर प्रति औंस हो गई, जिसने जनवरी 1980 में अरबपति हंट ब्रदर्स द्वारा बाजार पर कब्जा करने की कोशिश के पिछले रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के कारण सोने की कीमतें भी लगातार आठ हफ्तों की बढ़त के साथ एक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गईं।

चांदी में यह तेजी लंदन के बाजार में लिक्विडिटी को लेकर चिंताओं के बीच आई है, जिससे दुनिया भर में इस धातु को सुरक्षित करने की होड़ मच गई है। लंदन में कीमतें न्यूयॉर्क की तुलना में रेयर प्रीमियम पर कारोबार कर रही हैं, जिससे व्यापारी उच्च कीमतों का लाभ उठाने के लिए अटलांटिक पार चांदी की छड़ें भेज रहे हैं, जो आमतौर पर सोने के लिए एक महंगा कदम होता है। 1मंगलवार को प्रीमियम लगभग 1.55 डॉलर प्रति औंस रहा, जो पिछले सप्ताह 3 डॉलर से कम था।

# इंस्टाग्राम पर टीनएजर्स का नहीं होगा पूरा कंट्रोल, लगाई गई पाबंदियां



**नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लागू होने से सिर्फ दो महीने पहले, इंस्टाग्राम ने बड़ा फैसला लिया है। फोटो शेयरिंग ऐप ने किशोरों के लिए उपलब्ध कंटेंट में बदलाव किया है और युवाओं के अकाउंट पर पेरेंटल कंट्रोल को सख्ती से लागू कर दिया है।**

इंस्टाग्राम की मूल कंपनी, मेटा ने ग्लोबल अनाउंसमेंट की। कहा कि 13 से 18 साल के बच्चों के लिए उपलब्ध सामग्री अमेरिका की पीजी (पेरेंटल गाइडेंस)-13 रेटिंग के बराबर होगी, जिससे किशोरों के अकाउंट में हिंसक या वयस्क सामग्री सीमित हो जाएगी। कंपनी किशोरों के साथ अपने एआई इंटरैक्शन को पीजी-13 अनुभव में भी बदलेगी, क्योंकि सोशल मीडिया कंपनी के चैटबॉट्स के लिए दिशानिर्देशों में चैटबॉट को बच्चों को रोमांटिक या अश्लील बातचीत में शामिल करने की अनुमति देने की खबरों पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। किशोर अब उन अकाउंट्स को भी फॉलो नहीं कर पाएंगे जिन्हें उम्र के हिसाब से अनुचित सामग्री शेयर करने वाला माना जाता है, जैसे कि वे अकाउंट जिन्होंने अपने बायो में ओनली फैंस अकाउंट्स को लिंक किया है। जो किशोर पहले से ही इन अकाउंट्स को फॉलो कर रहे हैं, वे उस सामग्री को देख या उससे इंटरैक्ट नहीं कर पाएंगे, डीएम नहीं भेज पाएंगे या टिप्पणियां नहीं देख पाएंगे।

नियम में बदलाव से प्रभावित होने वाले अकाउंट्स को सूचित किया जाएगा कि किशोर अब उनके अकाउंट को फॉलो नहीं कर पाएंगे। ब्लॉक किए गए सर्च टर्म्स को शराब या खून-खराबे जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला तक विस्तारित किया जाएगा। द गार्जियन के मुताबिक इंस्टाग्राम की सार्वजनिक नीति की वैश्विक निदेशक, तारा हॉपकिंस ने कहा कि इन बदलावों के तहत गे या ट्रांस जैसे एलजीबीटीक्यू शब्दों को ब्लॉक नहीं किया जाएगा। माता-पिता किशोरों को पोस्ट के नीचे टिप्पणियां देखने, छोड़ने या प्राप्त करने से रोकने के लिए एक सख्त सेटिंग का उपयोग कर पाएंगे।

**धान खरीदी की नीति घोषित: 3100 प्रति क्विंटल.....**

आर्द्रतामापी यंत्र उपलब्ध रहेंगे। धान के संग्रहण हेतु ऐसे केन्द्र चुने जाएंगे जो ऊँचे एवं जलभराव-रहित हों। सभी केन्द्रों में पॉलिथीन कवर, सीमेंट ब्लॉक, और ड्रेनेज सुविधा अनिवार्य रूप से होगी ताकि बारिश में धान सुरक्षित रहे। राज्य शासन ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया को और पारदर्शी, तकनीकी एवं जवाबदेह बनाने हेतु नए चरण की विस्तृत व्यवस्थाएँ लागू की हैं। मार्कफेड के नेतृत्व में प्रशिक्षण, ट्रायल-रन, गुणवत्ता-निगरानी, भंडारण-परिवहन, नियंत्रण कक्ष और बीमा से जुड़ी स्पष्ट समयसीमाएँ तय की गई हैं। मार्कफेड द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार धान उपार्जन से जुड़े सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कम्प्यूटरीकरण का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिलाया जाएगा। प्रशिक्षण में खरीदी सॉफ्टवेयर, भुगतान प्रविष्टि, गुणवत्ता/नमी एंट्री, टोकनिंग व PFMS प्रक्रियाएँ शामिल रहेंगी। जिले के प्रत्येक धान उपार्जन और संग्रहण केन्द्र में 3 से 6 नवंबर 2025 तक ट्रायल-रन होगा। सभी स्वीकृत केन्द्रों में 31 अक्तूबर 2025 तक कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूर्ण कर ट्रायल-रन में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। भारत सरकार के निर्देशानुसार PCSAP पर खरीदी केन्द्रों की ग्रेडिंग हेतु जारी स्ह्लक्का पालन अनिवार्य रहेगा, जिससे केन्द्र-वार प्रदर्शन की नियमित स्वयं-मूल्यांकन और निगरानी संभव होगी। भारत सरकार की FAQ विनिर्दिष्टियों और कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था पर FCI/NIC के साथ संभाग-स्तरीय प्रशिक्षण कराए जाएंगे। इसके बाद उपखंड-स्तर पर समितियों के अध्यक्ष/प्राधिकृत अधिकारी, प्रबंधक, मार्कफेड/राजस्व अमला (निरीक्षक/पटवारी) को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अनुविभाग-स्तरीय प्रशिक्षण 25 अक्तूबर 2025 तक पूर्ण होगा। गुणवत्ता नियंत्रण की दो-स्तरीय समितियाँ संग्रहण केंद्र स्तर पर और समिति स्तर पर कार्य करेंगी। संग्रहण केन्द्र-स्तर पर तहसीलदार की अध्यक्षता में गठित दल निगरानी करेगा और आवश्यकता पर ही धान को रिजेक्ट घोषित करेगा– प्रभारी अपने स्तर पर अमान्य नहीं कर सकेंगे। समिति-स्तर पर अध्यक्ष/प्राधिकृत अधिकारी, सरपंच, कलेक्टर नामित प्रतिनिधि और प्रभारी मंत्री द्वारा अनुमोदित 2 जनप्रतिनिधियों (राइस मिलर नहीं) की समिति केवल पंजीकृत किसानों से FAQ अनुरूप धान खरीदी सुनिश्चित करेगी। किसानों को भुगतान केवल पीएफएमएस के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में होगा। मार्कफेड खरीदी अवधि में समर्थन मूल्य, प्रासंगिक व्यय और भंडारण/सुरक्षा व्यय की अग्रिम राशि समितियों को उपलब्ध कराएगा; प्रथम प्राथमिकता किसानों के भुगतान को ही रहेगी और मद-वार व्यय की कम्प्यूटर एंट्री अनिवार्य होगी। भंडारण केन्द्रों पर कैप-कवर, ड्रेनेज सामग्री, नमी-मापी (कैलिब्रेशन सहित) और जहाँ संभव हो धर्मकांटा की व्यवस्था रहेगी। खरीदी केन्द्रों में संचित समस्त धान का 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य उठाव कराया जाएगा। सुरक्षित भंडारण हेतु विभाग का SOP लागू रहेगा। परिवहन दरें राज्य-स्तरीय समिति की अनुशंसा के अनुसार होंगी; चावल का परिवहन-दर भी धान के परिवहन-दर पर आधारित रहेगा। केन्द्र-वार बफर-लिमिट संयुक्त दल के भौतिक परीक्षण से कलेक्टर द्वारा निर्धारण कराई जाएगी। त्वरित निराकरण हेतु अधिक क्षमता वाले जिलों/मिलर्स से पूर्व-संलग्नीकरण किया जाएगा और जहाँ संभव हो सीधा मिलर्स को उठाव बढ़ाया जाएगा। सीमाओं पर चेकिंग दल तैनात होंगेपड़ोसी राज्यों से धान की अनधिकृत आमद रोकने सीमाई चेकिंग दल तैनात होंगे। 30 अप्रैल 2026 तक अन्य राज्यों से धान का आयात संचालक (खाद्य) की अनुमति से ही होगा। पंजीकृत मिलों द्वारा समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया से होगी। विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजनांतर्गत PDS हेतु चावल का उपार्जन छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन करेगा; सरप्लस चावल एफसीआई को प्रदाय किया जाएगा।

धान उपार्जन के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु प्रत्येक जिले में प्रभारी सचिव को जिम्मेदारी दी जाएगी। राज्य व जिला-स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित होंगे। शिकायतों के लिए कॉल सेंटर- 1800-233-3663 प्रदर्शित रहेगा, शिकायत का निवारण 3 दिवस में कराया जाएगा। प्रत्येक केन्द्र/समूह-केन्द्र के लिए नोडल अधिकारी तैनात होंगे। संवेदनशील केन्द्र कलेक्टर के प्रस्ताव पर अधिसूचित कर वहाँ वरिष्ठ अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाएगी। अभिलेख-प्रपत्रों का एकरूप मुद्रण मार्कफेड कराएगा। धान खरीदी की एंड-टू-एंड निगरानी और रिसाइक्लिंग रोकथाम हेतु मार्कफेड मुख्यालय में इंटीग्रेटेड कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर स्थापित होगा (व्यय राज्य शासन वहन करेगा)। बैंक-राशि परिवहन के दौरान आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। धान और उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत समस्त व्यक्तियों का बीमा मार्कफेड कराएगा (आवश्यक विवरण 31 अक्तूबर 2025 तक उपलब्ध कराना होगा)। समितियाँ/बैंक/मार्कफेड द्वारा खरीदी केन्द्रों का मिलान 30 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष.....

**पाक और अफगानिस्तान के बीच अब 48 घंटे.....**

आबादी की कोई परवाह नहीं की गई। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि अपनी उत्तर-पश्चिमी सीमा पर रातभर हुई झड़प में 30 और लोग मारे गए हैं। वहीं, अफगान अधिकारियों ने समाचार एजेंसी को बताया कि सीमा पर हुई ताजा हिंसा में 15 नागरिक मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं। रॉयटर्स ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान के ओरकजई जिले में सैनिकों और आतंकवादियों के बीच हुई झड़प में पाकिस्तानी अर्धसैनिक बल के छह सैनिक मारे गए और कई घायल हुए। तालिबान शासन के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर आरोप लगाया कि उन्होंने फिर से जिले में हल्के और भारी हथियारों का इस्तेमाल किया। पिछले सप्ताहांत पर भी दोनों पक्षों के बीच झड़पें हुई थीं। तब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर जवाबी हमले किए थे। उसने काबुल पर हुए एक हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया था। पाकिस्तान ने कहा कि उसने बिना उकसावे के कुर्रम क्षेत्र में हुई गोलीबारी का जवाब दिया, कई तालिबान मारे और उनके आगे के ठिकानों और एक टैंक को नुकसान पहुंचाया। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट ने राज्य संचालित पाकिस्तान टेलीविजन (पीटीवी) के हवाले से एक्स पर यह जानकारी दी। पीटीवी ने रिपोर्ट में बताया कि पाकिस्तान तालिबान (टीटीपी) के का एक शीर्ष कमांडर बदले की कार्रवाई में मारा गया। वहीं, तालिबान शासन के जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पोस्ट में कहा कि अफगान बलों ने कई घुसपैठिए पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया, हथियार और टैंक जब्त किए और उनके ठिकानों को कब्जा कर लिया। फिलहाल पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के साथ 48 घंटे के संघर्षविराम का एलान किया है। अफगानिस्तान ने शनिवार देर रात सीमा पर पाकिस्तानी सैनिकों पर हमले किए, जिसे उसने सात अक्तूबर की रात काबुल पर पाकिस्तानी सेना की ओर से किए गए हवाई हमलों का बदला बताया। अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसके हमलों में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। जबकि पाकिस्तान ने कहा कि आंकड़ा 23 है और उसने जवाबी कार्रवाई में 200 से अधिक तालिबान और उससे जुड़े लड़ाकों को मार गिराया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा चौकियां भी तनाव के कारण 12 अक्तूबर को बंद कर दी गईं।

**जेल में ही मनेगी चैतन्य बघेल की दिवाली....**

की आय प्राप्त हुई थी। उन्होंने अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल इस धनराशि को आपस में मिलाने के लिए किया था। भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है और वे उनके साथ सहयोग करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के खिलाफ ईडी की कार्रवाई राज्य में अवैध वृक्ष कटाई से ध्यान हटाने के लिए शुरू की गई थी, क्योंकि कांग्रेस इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाली थी। एजेंसी ने कहा कि जूनियर बघेल चैनन्य ने त्रिलोक सिंह ढिल्लों नामक एक स्थानीय व्यवसायी के साथ सांठगांठ की और उसकी कंपनियों का उपयोग करके एक ऐसी योजना जिसके तहत उन्होंने ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने विट्ठलपुरम प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदने के नाम पर पांच करोड़ रुपये प्राप्त किए। ईडी ने कहा बैंकिंग ट्रेल से पता चलता है कि संबंधित लेन-देन के दौरान, त्रिलोक सिंह ढिल्लों को शराब सिंडिकेट से अपने बैंक खातों में भुगतान प्राप्त हुआ। ईडी के अधिकारियों को ये साबूत बघेल करीबियों से पूछताछ के बाद मिले हैं। पप्पू बंसल, त्रिलोक ढिल्लन और दीपेंद्र चावड़ा के माध्यम से चैतन्य बघेल पैसा पहुंचाया गया। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने रायपुर कोर्ट में कही। चैतन्य बघेल ने ये पैसा हवाला कारोबारियों की सहायता से अलग-अलग राज्यों में निवेश करवाया। ईडी की कार्रवाई के दौरान एक पेन ड्राइव भी मिला है। इसे लेकर ईडी ने पप्पू बंसल और दीपेन चावड़ा से पूछताछ की थी। इस मामले में ईडी ने दुर्ग के बघेल बिल्डकॉन और बिलासपुर के विट्ठल ग्रीन्स को भी अपने जाँच के दायरे में रखा है। ईडी ने इनमें से कई लोगों के बयानों का हवाला देते हुए यह लिख रखा है कि इस पूरे चेन के ज़रिए लभभग एक हजार करोड़ रुपए लगाकर पैसे सफेद करने की कथित कोशिश का पता चला है। इस चेन में अनवर ढेबर ने दीपेंद्र को दिए गए शराब स्कैन के पैसे भी गए हैं। इनमें से अधिकांश आरोपी शराब घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। ईडी शराब घोटाला, कोल घोटाला, महादेव सट्टा एप समेत कई मामलों की जांच कर रही है। 10 मार्च 2025 को ईडी टीम ने बस्तर, रायपुर और भिलाई में छापेमारी की थी। भूपेश बघेल के भिलाई और रायपुर स्थित निवास, कारोबारी पप्पू बंसल, दीपेन चावड़ा, समेत अन्य कारोबारियो के ठिकानों पर दबिश दी थी। आरोपियों से जब्त पेन ड्राइव से मिले बयानों की समीक्षा की। आठ महीने बाद भूपेश बघेल की ठिकाने पर दोबारा दबिश देकर भिलाई से चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया था।

**मैथिली ठाकुर और आनंद मिश्रा को मिल.....**

एक दिन पहले यानी 14 अक्तूबर को भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी की थी। इसमें 71 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी। भाजपा ने पहली सूची में 9 महिलाओं को टिकट दिया है। इनमें परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव, किशनगंज से स्वीटी सिंह, प्राणपुर से निशा सिंह, कोढ़ा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, वारसलीगंज से अरुणा देवी और जमुई से श्रेयसी सिंह शामिल हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस बार कुम्हरार, पटना साहिब और दानापुर विधानसभा के प्रत्याशी को बदल दिया है। कुम्हरार से निवर्तमान विधायक अरुण सिन्हा की जगह संजय गुप्ता, पटना साहिब से नंद किशोर यादव की जगह रत्नेश कुशवाहा और दानापुर से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को टिकट दिया।

**ADGP की पत्नी अमनीत पर एफआईआर.....**

पूरण कुमार को भ्रष्ट बताते हुए रोहतक रेंज में उनके तबादले के बाद भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को आईजी कार्यालय में तैनाती दिलाने के अलावा भी कई अन्य आरोप दिवंगत एडीजीपी पर लगाए। संदीप ने वीडियो में कहा आज भगत सिंह जिंदा होते तो उन्हें शर्म आती कि हम किन लोगों के लिए लड़े। मैं भगत सिंह का फैन हूं। सक्षम हूं, जमींदार का बेटा हूं। ईमानदारी की लड़ाई में अपनी कुर्बानी देने जा रहा हूं। मुझे बहुत फक्र है। अलविदा दोस्तों, अगले जन्म में आएंगे तब भी ऐसी ही लड़ाई लड़ेंगे।

# मिट्टी के दीयों से जगमगाएगा दीपावली का पर्व

राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री लोकल फार लोकल पर सर्वाधिक जोर दे रहे हैं। यही नहीं वे देश की जनता को स्वदेशी माल खरीदने की बात कहकर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे रहे हैं। संस्कार धानी के जागरुक लोगों द्वारा भी दीपावली पर्व को स्वदेशी की भावना के साथ परंपरा गत संस्कृति के साथ मनाने का आह्वान किया जा रहा है।

बता दें कि ज्योतिर्गमय पर्व दीपावली धन की देवी मां लक्ष्मी पूजन का त्योहार है। इस दिन अपने घर-आंगन, चौक-चौबारों में सैकड़ों मिट्टी के दीए जलाकर माहौल को जगमग रौशन किया जाता है। पुष्य नक्षत्र से घरों के आंगन चौबारों को मिट्टी के दीयों से रौशन किया जाना शुरू हो जाता है। धन तेरस के दिन तेरह मिट्टी के दीए, रुप चौदस को चौदह मिट्टी के दीए तथा दीपावली के दिन सैकड़ो मिट्टी के दीए जलाकर जगमग रौशन किया जाता है। मिट्टी के इन दीयों को रंग-रुप व आकर्षक आकार देने वाले हमारे ये कुम्हार भाई है। ये पारंपरिक कारीगर हमारी सांस्कृतिक विरासत के संवाहक है।



मिट्टी के दीए बेचने वालों से पसरा टैक्स न ले निगम - राकेश ठाकुर

जिनके हस्त निर्मित दीए हमारी लोक कला और परंपरा की पहचान है। ऐसे में हम सब का दायित्व हो जाता है कि लोकल फार वोकल को बढ़ावा देते हुए हम इन कुम्हारों के पास से ही मिट्टी के दीए खरीदें और उनका हाथ मजबूत करें। साथ ही अन्य लोगों को मिट्टी के दीए खरीदने के लिए प्रेरित करते हूए स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी को बढ़ावा देंवें।

### मिट्टी के दीए बेंचने वालों से पसरा टेक्स न लिए जाने

संस्कारधानी सनातन धर्म सेवा परिवार प्रमुख राकेश ठाकुर (अधिवक्ता) ने कहा है कि दीपावली सिर्फ रौशनी का त्योहार नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का पर्व है। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी वस्तु अपनाते हैं तो न केवल अपने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, अपितु ग्रामीण शिल्पकारों को भी आजीविका का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने दीवाली के अवसर पर जिला प्रशासन से निवेदन किया है कि स्थानीय कुम्हार भाईयों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये एवं अन्य मिट्टी से निर्मित पारंपारिक वस्तुओं के विक्रय पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पसरा टैक्स ना वसूलने का आदेश जारी की जाए। साथ ही कुम्हार भाईयों एवं छोटे व्यापारियों द्वारा विभिन्न स्थानों चौक-चौराहों पर विक्रय हेतु लगाये गये पसरा को दीपावली सीजन तक ना हटाई जाए। उक्त हेतु पुलिस प्रशासन से तथा निगम प्रशासन से भी मांग की है कि इन मिट्टी के दीए बेंचने वालों से पसरा टैक्स न ली जाए। जिससे सभी वर्ग दीपावली के त्यौहार आनंद पूर्वक मना सके एवं माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आवाह्न किये गये वोकल फॉर लोकल की ओर तेजी से अग्रसर होते हुए राष्ट्र निर्माण मे सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने आम जनता से अपील की है कि सिर्फ मिट्टी के बने हुए दीए एवं पारंपारिक वस्तुए अधिक से अधिक संख्या मे खरीदे और स्वावलंबिता का परिचय देते हुए देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत देने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें।

# साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे, बोलीं धन्यवाद विक्रांत सर!

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती साईकिल योजना के तहत खैरागढ़ ब्लॉक के विभिन्न हाईस्कूलों बफरा, मड़ौदा एवं अतरिया में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्राओं को साइकिल प्रदान करते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने धन्यवाद विक्रांत सर कहकर अपनी खुशी जाहिर की।



सरस्वती साइकिल योजना के तहत हुआ निःशुल्क वितरण

### छात्राओं ने जताया आभार

साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, और सांसद संतोष पाण्डे के प्रति आभार व्यक्त किया। छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें दूर-दराज के गांवों से स्कूल आने-जाने में कोई कठिनाई नहीं होगी। उन्होंने बताया कि साइकिल मिलने से अब वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी, समय की बचत होगी और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह उपयोगी है।

### बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना उद्देश्य : विक्रांत सिंह

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है और सरस्वती साइकिल योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी छात्रा की शिक्षा केवल आने-जाने की असुविधा के कारण बाधित न हो।

# भूख और प्यास बर्दाश्त करने से तपस्या में गुणोत्तर वृद्धि होती है-मुनि वीरभद्र

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि विनय सारे गुणों का अधिकारी है। एक विनय जैसा गुण आने से ही कई गुण अपने आप ही आ जाते हैं।



चातुर्मासिक प्रवचन

उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान करना, घमंड नहीं करना, लोगों से सदव्यवहार करना, न जाने कितने गुण इस एकमात्र विनय गुण के कारण आते हैं। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि अच्छा श्रावक बनने के लिए यह गुण अति आवश्यक है। एक अच्छे श्रावक में इसके अलावा कुछ और गुण होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक भूख बर्दाश्त कर सकते हो, करो। जब भूख बर्दाश्त से बाहर हो जाए तभी आप भोजन करो। भूख बर्दाश्त करने से आपकी तपस्या में गुणोत्तर वृद्धि होगी।

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि इसी तरह प्यास की स्थिति भी है। जब तक तेज प्यास ना लगे तब तक पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भूख और प्यास बर्दाश्त करने से तपस्या में गुणोत्तर वृद्धि होती है और यह समय आपकी तपस्या की समय के साथ जुड़ जाता है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह शीत एवं उष्णता को भी बर्दाश्त करना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि खाना खाते समय हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम बिना पंखा के खाना खाये ताकि हमारे तपस्या में गुणोत्तर वृद्धि हो सके। इससे हमारे भीतर धीरे-धीरे समाधि के संस्कार बढ़ेंगे और हम आत्म कल्याण के मार्ग में कदम बढ़ सकेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## बारूद गाड़ी कोरबा में हादसे का शिकार

कोरबा। जिले की साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दीपका परियोजना में बुधवार को एक खड़ी बारूद गाड़ी का टायर फटने से आईओसीएल कंपनी का एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद खदान में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, दीपका परियोजना के खदान क्षेत्र में ब्लास्टिंग के लिए खड़ी बारूद गाड़ी का टायर अचानक फट गया। इस दौरान आईओसीएल कंपनी का हेल्पर कृष्णा (30 वर्षीय, निवासी कुसमुंडा) गाड़ी के पास मौजूद था। तेज धमाके और उड़ते पत्थरों की चपेट में आने से कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गया।

# कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में दिया प्रदर्शनी

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली के पावन अवसर पर कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के ईको क्लब एवं बेस्ट प्रैक्टिस सेल द्वारा एक अभिनव और पर्यावरण-अनुकूल 'दिया प्रदर्शनी एवं बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रदर्शनी की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि प्रदर्शित सभी दीये पुनः उपयोग की गई वस्तुओं से बनाए गए।

छात्रों ने इन सामग्रियों को रचनात्मक रूप से सजाया और रंगों, सजावटी सामग्रियों, पेपर कटिंग, जूट, वेस्ट कपड़े आदि की सहायता से खूबसूरत दीयों का निर्माण किया। इस पहल ने न केवल पर्यावरण-संवेदनशीलता को दर्शाया, बल्कि यह भी दिखाया कि पुरानी वस्तुएँ भी



कला और संस्कृति का हिस्सा बन सकता है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रचना पांडेय ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहाः 'यह प्रदर्शनी न केवल रचनात्मकता का प्रतीक है, बल्कि हमारे छात्रों की पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रमाण है। 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' के अंतर्गत बनाए गए दीये इस बात का उदाहरण हैं कि हम बिना नए संसाधनों का उपयोग किए भी त्योहार को सुंदर, जागरूक और अर्थपूर्ण बना सकते हैं।' महाविद्यालय के संचालक श्रीमान संजय अग्रवाल ने बताया कि 'दिया केवल रोशनी नहीं, हमारी परंपरा, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है। जब छात्र इन्हें अपने हाथों से बनाते हैं, तो उसमें उनकी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी दोनों झलकती हैं।' उन्होंने इकोफ्रेंडली दिए कि सराहना करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया।

# स्व. नरेंद्र सिंह चंद्राकर के स्मृति में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 का आयोजन



हरदी (दावा)। राजधानी रायपुर के सभागृह में शिक्षक कला एवं प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा कर्मचारी नेता स्व. नरेंद्र सिंह चंद्राकर के स्मृति में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र तिवारी पूर्व कर्मचारी नेता, अध्यक्षता नरेंद्र चंद्राकर तथा विशेष अतिथि अनील शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक संघ एवं निधि चंद्राकर, संचालक उड़ान छत्तीसगढ़ थे। इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। नवाचार, कला, संस्कृति, महिला सशक्तिकरण तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में वाणिज्य के व्यख्याता हेपशीबा एंथोनी को छत्तीसगढ़ गौरव 2025 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर विद्यालय के प्राचार्य आरके देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, बिंदु साहू, सीपी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# कार्यशाला में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन' द्वारा संचालित हेल्थ केयर एवं अन्य रोजगारोन्मुखी कोर्स पर दिया मार्गदर्शन

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ. ई.वी.रेवती के दिशा-निर्देशन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर एवं अतिथि व्याख्याता अनिमा मिंज के नेतृत्व में विगत दिन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित हेल्थ केयर प्रशिक्षण संस्था की जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।




नेहरू महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में हुआ आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हेल्थ केयर प्रशिक्षण केंद्र, रायपुर से प्रदीप कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

अपने संबोधन में प्रदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि हेल्थ केयर प्रशिक्षण केंद्र, रायपुर में हेल्थ केयर जनरल ड्यूटी का 45 दिवस का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। साथ ही ऑटोमोबाइल दो माह, 45 दिन, होटल मैनेजमेंट, ब्यूटी पार्लर, प्लंबिंग, वेल्डिंग तथा डीडब्ल्यूडीसी जैसे विविध रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम भी निःशुल्क रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

# दिग्विजय कॉलेज के डॉ. डाकेश्वर वर्मा को चौथा पेटेंट मधुमेह रोकथाम के लिए हर्बल उत्पाद का आविष्कार

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालयए राजनांदगांव के रसायन शास्त्र विभाग प्राध्यापक एवं विश्व के शीर्ष 2प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल डॉ. डाकेश्वर वर्मा को मधुमेह (डायबिटीज) की रोकथाम हेतु औषधीय पौधों से निर्मित हर्बल उत्पाद के लिए भारत सरकार से पेटेंट प्राप्त हुआ है। यह उनका अब तक का चौथा पेटेंट था। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय के लिए बल्कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है। डॉ. वर्मा एवं समूह द्वारा विकसित यह हर्बल उत्पाद पूर्णतः प्राकृतिक औषधीय पौधों के अर्क से तैयार किया गया है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध हुआ है।

इस शोध में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पारंपरिक औषधीय पौधों का वैज्ञानिक उपयोग किया गया है। जिससे ग्रामीण और जनजातीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान को भी नया वैज्ञानिक आयाम मिला है। वर्तमान आविष्कार पौधों के मिश्रण के अर्क की एक बहुहर्बल संरचना है। जिसमें मधुमेह के लिए विभिन्न औषधीय पौधे जैसे मेथी,



दालचीनी, अनार और नीम के विभिन्न भागों का इथेनॉलिक अर्क हैं। विभिन्न जानवरों में प्रयोग के तौर पर मधुमेह उत्पन्न करने के लिए एलोक्सन का उपयोग किया गया था और फिर अन्य समूहों की तुलना में मधुमेह के प्रेरण और नियंत्रण का आकलन करने के लिए विभिन्न मानदंडों का उपयोग करके उनका मूल्यांकन किया गया।

उपचार समूहों मेंए चूहों को हर्बल अर्क दिए गए और उनके खाली रक्त शर्करा के स्तर को मापा गया। मधुमेह के विकास के 7, 14, 21 और 28 दिनों के बाद सभी जानवरों के वजन और तंत्रिका व्यवहार संबंधी जांच का मूल्यांकन किया गया। निष्कर्षों से पता चला कि पाउडर के हर्बल अर्क में मधुमेह.रोधी गुण थे। बहुहर्बल मिश्रण तैयार करने की प्रक्रिया भी वर्तमान आविष्कार में वर्णित है। सामान्य और मधुमेह ग्रस्त चूहों के साथ-साथ अन्य चूहों के रक्त शर्करा के स्तर की तुलना इथेनॉलिक अर्क के मौखिक प्रशासन के बाद की गई। इस अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि औषधीय पौधों से युक्त एक पॉलीहर्बल पाउडर रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में प्रभावी था। यह पॉलीहर्बल पाउडर आगे के शोध के लिए एक आकर्षक सामग्री प्रतीत होता है, जिससे संभावित रूप से मधुमेह की दवा का निर्माण हो सकता है।

फाइटोमेडिसिन का विकास कम खर्चीला है और इसमें कम समय लगता है। यह अंग्रेजी दवा के विकास की तुलना में हमारी आर्थिक परिस्थितियों के लिए बेहतर रूप से अनुकूलित है, जो अधिक महंगा है और इसमें कई वर्ष लगते हैं। प्राकृतिक उत्पाद या उनके व्युत्पन्न अपने नकारात्मक प्रभावों की कमी के कारण रोगों के उपचार और रोकथाम में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। महाविद्यालय परिवार ने डॉ. वर्मा को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि यह सफलता संस्थान के अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी योगदान को दर्शाती है। डॉ. वर्मा ने इस उपलब्धि को अपने सहकर्मियों और विद्यार्थियों को समर्पित किया तथा आगे भी औषधीय पौधों पर अनुसंधान जारी रखने की बात कही।

# साहित्य समाज का दर्पण होता है - कोमल सिंह राजपूत

**राजनांदगांव (दावा)। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के बैनर तले ग्राम विकास समिति ढोड़िया के सहयोग से परिषद का 26वें वार्षिक समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम तीन सत्र में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र 'मर्ज होती शिक्षा व्यवस्था' पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार, रायपुर थे एवं अध्यक्षता बद्री प्रसाद पारकर वरिष्ठ साहित्यकार भिलाई ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीताराम साहू श्याम वरिष्ठ साहित्यकार पैरी, बालोद, आत्माराम कोशा अमात्य जिला समन्वयक राजनांदगांव, हरभजन सिंह भाटिया मानस मर्मज्ञ, प्रखर वक्ता, सुरगी एवं आधार वक्तव्य कुबेर सिंह साहू वरिष्ठ साहित्यकार एवं संरक्षक, साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने दिया।**

सुधीर शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही समाज सुदृढ़ होता है और सरकार का यह दायित्व होता है कि सबको समान रूप से शिक्षा सुलभ रूप से उपलब्ध हो परंतु देखने में मिलता है कि शिक्षा में भारी असमानता है। बद्री प्रसाद पारकर ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा के लिए सरकार, समाज एवं कुछ हद तक शिक्षक वर्ग भी जिम्मेदार है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा सबको समान रूप से मिलना चाहिए। कुबेर सिंह साहू ने कहा कि सरकार किसी का भी हो शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं देता क्योंकि इसमें शासन को आय न मिल कर उसमें व्यय करना पड़ता है। इसी के चलते प्राइवेट स्कूल का अंबार है और गरीब तबके के बच्चे ही सरकारी स्कूल में पढने् को मजबूर है। आत्माराम कोशा अमात्य ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ सरकारी नौकरी न होकर व्यापक होना चाहिए। इसीलिए सरकार कौशल विकास पर आधारित शिक्षा पर जोर दे रही है। हरभजन सिंह भाटिया ने कहा कि मर्ज का अर्थ बीमारी होता है। सरकार ने छात्र और शिक्षक अनुपात को कम कर इस मर्ज को और बढ़ा दिए हैं। वर्ष 2008 के सेटअप को कम कर शिक्षा व्यवस्था पर प्रहार किया गया है। सीताराम साहू श्याम ने कहा कि साकेत और सुरगी समानार्थी है। दोनों का तात्पर्य बैंकुठ है। साकेत अयोध्या का भी नाम रहा है उन्होंने इसका विवेचन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंच में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के प्रथम अध्यक्ष धर्मेन्द्र पारख मीत, पूर्व अध्यक्ष दिलीप साहू अमृत, वरिष्ठ साहित्यकार वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू की उपस्थिति रही।

स्वागत भाषण देते हुए परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर ने साकेत साहित्य परिषद के छब्बीस वर्ष की यात्रा, संघर्ष एवं उपलब्धियों को रेखांकित किया। परिचर्चा का संचालन महेन्द्र कुमार बघेल वरिष्ठ साहित्यकार डोंगरगांव एवं आभार व्यक्त



साकेत साहित्य परिषद सुरगी का 26वें वार्षिक समारोह संपन्न

सीताराम साहू श्याम, भूखन वर्मा और देव साहू साकेत साहित्य सम्मान से सम्मानित

अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा वरिष्ठ साहित्यकार पिनकापार, बालोद ने किया। द्वितीय सत्र में साकेत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें साकेत सम्मान से सीता राम साहू श्याम वरिष्ठ साहित्यकार, पैरी, बालोद, भूखन वर्मा हास्य कवि धामनसरा एवं लोक कलाकार देव साहू ढोड़िया को साकेत सम्मान प्रदान किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष, जिला भाजपा राजनांदगांव थे एवं अध्यक्षता दिल्लू राम साहू सरपंच, ढोड़िया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहारी पटेल, अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति ढोड़िया, यादू राम निषाद, कोषाध्यक्ष, ग्राम विकास समिति ढोड़िया उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि साहित्य को समाज को दर्पण कहा जाता है। साहित्यकार समाज को आईना दिखाने का काम करता है। साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने जिस प्रकार से 26 वर्ष में अथक मेहनत से जिले ही नहीं अपितु छत्तीसगढ़ में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है वह काबिले तारीफ है। यह संस्था की समस्त सदस्यों की सामूहिकता की भावना को दर्शाता है और मेरा भी सौभाग्य है कि इस संस्था के वार्षिक आयोजन में 26 वर्ष में लगभग 20 वर्ष आ चुका हूं। यहां आकर मुझे एक परिवारिक माहौल मिलता है। इस सत्र का संचालन लखन लाल साहू लहर पूर्व अध्यक्ष साकेत साहित्य परिषद सुरगी एवं आभार व्यक्त सचिन निषाद (ढोडिया) कोषाध्यक्ष, साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने किया।

तृतीय सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पचास से अधिक कवियों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत कविता पाठ किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डा. शंकर मुनि राय विभागाध्यक्ष, हिंदी, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं संचालन वीरेन्द्र तिवारी वीरू वरिष्ठ साहित्यकार अर्जुनी ने किया। इस दौरान प्रभात तिवारी, गजेंद्र हरिहरनो दीप, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, डॉ. इकबाल खान तन्हा, शमीम अहमद सिद्दीकी, चंद्रिका प्रसाद देशमुख, जितेन्द्र कुमार पटेल, जयकांत पटेल, कुंजबिहारी साहू, शरद यादव अक्स, मिनेश कुमार साहू, ईश्वर साहू बंधी, डॉ. प्रवीण साहू, इंद्रजीत दादर, ग्वाला प्रसाद यादव नटखट, संतोष ठाकुर,एस. एल. गंधर्व, हेमलाल सहारे, टिकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला, रूपा साहू, आशा झा, चंचल साहू, सोनिया सोनी, प्रीति सरू, अलख राम यादव, राज कुमार श्याम, जसवंत मंडावी, दिनेश राजपूत, बेदराम पटेल, कन्हैया लाल मेश्राम, होरी लाल भूआर्य सहित सैकड़ों साहित्यकार एवं कलाकार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सफल बनाने में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर, उपाध्यक्ष संतू राम गंजीर, पवन यादव पहुना, सचिव राज कुमार चौधरी रौना, कोषाध्यक्ष सचिन निषाद, लखन लाल साहू लहर पूर्व अध्यक्ष, संरक्षक कुबेर सिंह साहू, फागू दास कोसले, मानसिंह ठाकुर,प्यारे लाल देशमुख, वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू, महेन्द्र कुमार बघेल मधु, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, मीडिया प्रभारी कुलेश्वर दास साहू, सहसचिव डोहर दास साहू, पूर्व सचिव फकीर प्रसाद साहू फक्कड़, नंद किशोर साव नीरव, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र पारख मीत, पूर्व अध्यक्ष दिलीप साहू अमृत, कैलाश साहू कुंवारा, आनंद राम सार्वा, अमृत दास साहू, मदन मंडावी, गुमान सिंह साहू, रोशन लाल साहू, भूपेन्द्र कुमार साहू सृजन, भूपेन्द्र कुमार साहू प्रभात, शिव प्रसाद लहरे, भूखन वर्मा, बलराम सिन्हा, रूपल साहू, सेवंत देशमुख, संतोष श्रीवास, मनबोधी पटेल, मेघनाथ साहू खिलावन दास मानिकपुरी, धनंजय दास मानिकपुरी, बसंत साहू, दुष्यंत साहू, खेमलाल साहू, डेरहा निषाद, गोपी साहू, मिल्लू पटेल, मया राम साहू, इंदु पटेल, सुरेखा निषाद, मेनका साहू, देवचंद निषाद सहित ग्राम विकास समिति ढोड़िया वासियों का विशेष सहयोग रहा। इस गरिमामय आयोजन में राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से सैकड़ों साहित्यकारों एवं कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दी आभार व्यक्त कुलेश्वर दास साहू पूर्व सचिव, साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने किया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com